वर्ष : 33 ▸ अंक : 280 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 26 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 मेलबर्न में बढ़त लेने की होड़

P8 कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ कराई धोखाधड़ी की शिकायत

# भाजपा का मिशन बीएमसी

## कोर कमेटी की बैठक में तय हुआ निकाय चुनाव का रोड मैप

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक शिकस्त से घायल पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना (यूबीटी) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी का अस्तित्व और अपना सियासी भविष्य बचाने के लिए आखिरी लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे मनपा चुनाव की तैयारी के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी अब उन्हें कोई मौका देने के मूड में नहीं है।



### एलर्ट मोड में आई बीजेपी

मनपा चुनाव के मद्देनजर उद्धव की सक्रियता को देखते हुए बीजेपी भी एलर्ट मोड में आ गई है। मुंबई मनपा में बीजेपी का महापौर बैठाने का लक्ष्य निर्धारित करके बीजेपी में मिशन मुंबई पर काम शुरू हो गया है। इसकी तैयारियों के लिए बुधवार को बीजेपी कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें मनपा चुनाव जीतने के रोडमैप पर पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

### बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व बेहद उत्साहित



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की अगुवाई में महायुति को मिली ऐतिहासिक जीत से बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व बेहद उत्साहित है। पूरे देश पर एकछत्र राज यानी शत प्रतिशत बीजेपी के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने हर हाल मुंबई मनपा जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके जरिए महाराष्ट्र में पार्टी के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना (यूबीटी) की कमर तोड़ने की रणनीति पर मंथन चल रहा है। इसी संदर्भ में बुधवार को मुंबई बीजेपी की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी मनपा चुनाव को जीतने के लिए अलग रणनीति पर चर्चा की गई।

### मुंबई अध्यक्ष पर चर्चा नहीं

लोकसभा चुनाव में बीजेपी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से मुंबई सहित महाराष्ट्र के पदाधिकारियों को बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव होने थे इसलिए मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली रिकॉर्ड सफलता और बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार के मंत्री बनने के बाद से पार्टी में मुंबई अध्यक्ष बदले जाने को लेकर एक बार फिर से अटकलों का बाजार गरमाने लगा है। भाजपा के विधायक अमित साटम ने बताया कि कोर कमेटी की बैठक में मुंबई बीजेपी अध्यक्ष की नियुक्ति पर कोई चर्चा नहीं हुई। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि बीजेपी मुंबई मनपा का चुनाव शेलार के ही नेतृत्व में लड़ेगी। क्योंकि 2017 में शेलार की अगुवाई में बीजेपी को बड़ी सफलता मिली थी। 2012 के चुनाव में सिर्फ 31 सीटें जीतने वाली बीजेपी 2017 में 82 सीटों पर पहुंच गई थी।

### नए सदस्यों को जोड़ने का पुराना फार्मूला

विधानसभा चुनाव में जीत और देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद पार्टी के लिए महाराष्ट्र में बने सकारात्मक माहौल को देखते हुए बीजेपी के रणनीतिकारों ने नए सदस्य बढ़ाकर मतदाता बढ़ाने की रणनीति बनाई है। साटम ने बताया कि आगामी मुंबई मनपा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी की ओर से 1 जनवरी से 15 जनवरी तक नए मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। 5 जनवरी को मुंबई में मॉक टेबल, बूथ और स्टॉल लगाए जाएंगे, जैसे मतदान के दौरान टेबल लगाए जाते हैं। साटम ने कहा कि मतदाता पंजीकरण पर अधिक जोर देने का निर्णय बीजेपी ने लिया है। लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद बीजेपी ने नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति पर काम किया था। विधानसभा चुनाव से पहले जोड़े गए लगभग 40 लाख नए सदस्यों के कारण विधानसभा चुनाव में बीजेपी के करीब 70 लाख वोट बढ़ गए और पार्टी को 132 सीटों पर जीत मिली थी। अब बीजेपी मनपा चुनाव के लिए उसी फार्मूले का इस्तेमाल करेगी।

# महाराष्ट्र की शराब बिक्री नीति में बदलाव

- महाराष्ट्र की खाली तिजोरी भरने के लिए बंटेंगे शराब लाइसेंस
- एक्साइज विभाग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार की शराब बिक्री नीति में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक्साइज विभाग ने शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी करने, बीयर दुकानों में शराब बेचने और ऑनलाइन शराब की आपूर्ति की अनुमति देने से संबंधित एक प्रस्ताव राज्य के उप मुख्यमंत्री और उत्पाद शुल्क मंत्री अजित पवार को भेजा है। इस प्रस्ताव के खुलासे के बाद विपक्ष ने सरकार पर हमला बोलते हुए इसे चुनावी लाभ के लिए किए गए कदम के रूप में पेश किया है।

### नए लाइसेंसों का प्रस्ताव

एक्साइज विभाग का कहना है कि कारोबारी लंबे समय से शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने 1972 के बाद से शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए, जिसके कारण शराब की अवैध बिक्री को बढ़ावा मिला है। विभाग के मुताबिक, यह कदम शराब की अवैध बिक्री पर नियंत्रण पाने और सरकारी राजस्व को बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है।

### विरोध और चिंताएं

विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने चुनाव जीतने के लिए विभिन्न योजनाओं के जरिए लोगों को रेवड़ियां बांटी और अब सरकारी खजाने को भरने के लिए शराब बिक्री के नए लाइसेंस बांटने का कदम उठा रही है। उनके अनुसार, अधिक शराब की दुकानों के खुलने से शराबियों की संख्या बढ़ सकती है, जिससे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### मंत्रिमंडल की बैठक में हो सकता है निर्णय

अजित पवार ने एक्साइज विभाग के प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाया है, और उम्मीद जताई जा रही है कि मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर जल्द ही निर्णय लिया जा सकता है। यह प्रस्ताव राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण होगा, लेकिन राजस्व वृद्धि और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाए रखना सरकार की चुनौती होगी।

### संजय राउत का हमला

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने महायुति सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में शराब की दुकानें बढ़ेंगी और ड्राई डे कम होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार 'लाडली बहनों' को 1500 रुपये देने के लिए पूरे महाराष्ट्र को शराबी बनाने का प्रयास कर रही है।

# एयरबैग ने ले ली 6 साल के बच्चे की जान!

- खुलने से गर्दन में लगा था जोरदार झटका



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

कारों में यात्रियों की जान बचाने के लिए एयरबैग लगाए जाते हैं. लेकिन नवी मुंबई में इसी सेफ्टी एयरबैग ने 6 साल के बच्चे की जान ले ली. दरअसल, यहां दो कारों की टक्कर के बाद एयरबैग खुलने से छह वर्षीय बच्चे की गर्दन पर झटका लग गया. जिससे उसे चोट लग गई और मौके पर ही मौत हो गई.

### बैग खुलते ही गर्दन में चोट लगने से हुई मौत

जानकारी के मुताबिक वाशी सेक्टर 15 में रहने वाले मावजी अरेठिया अपने बेटे हर्ष और दो भतीजों को लेकर रात 11 बजे टहलने निकले थे . जब वह वैगन आर कार में जा रहे थे, तभी उन्होंने हर्ष को बगल की सीट पर बिठा दिया . इसी दौरान कोपरखैरणे जाते समय ब्लू डायमंड चौक पर एक अन्य कार ने सामने से वैगनर कार को टक्कर मार दी . टक्कर इतनी तेज थी कि अजेठिया की कार के आगे के दोनों एयरबैग खुल गए .जिससे आगे की सीट पर बैठे हर्ष की गर्दन पर एयरबैग का जोर से झटका लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई . इस घटना के बाद बच्चों को आगे की सीट पर बैठाने को लेकर सवाल भी खड़े हो गए हैं .

## कजाकिस्तान में प्लेन क्रैश

# पायलट की बहादुरी | अपनी जान देकर भी बचाई यात्रियों की जिंदगी

- प्लेन में 67 यात्री सवार थे, 32 जिंदा बचाए गए
- प्लेन के पायलट ने हादसे के वक्त बहादुरी का दिया परिचय



**एजेंसी | अस्ताना**

कजाकिस्तान के अकताऊ शहर में एक यात्री विमान बुधवार को क्रैश हो गया। इस विमान में हवा में ही उस वक्त आग लग गई, जब वह हवा से जमीन की ओर आ रहा था। इस भयावह हादसे में विमान में सवार 72 लोगों में से 40 की मौत की बात कही जा रही हैं। वहीं 32 लोगों घायल हालत में जिंदा निकाले गए हैं। विमान के हादसे के वक्त की वीडियो और तस्वीरों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि अगर पायलट ने बहादुरी और समझबूझ ना दिखाई होती तो मरने वालों की संख्या और ज्यादा हो सकती थी। ऐसा भी हो सकता था कि विमान में सवार सभी लोगों की जान इस हादसे में चली जाती।

### पायलट ने बचा लिए 32 लोग

आरटी इंडिया ने हादसे के बाद बचाव के काम में लगे कर्मियों का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'कजाकिस्तान में विमान दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाली बचाव टीमों के फुटेज से पता चलता है कि तेजी से फेल हो रहे उपकरणों से जूझते हुए पायलट ने एक बड़े विस्फोट को रोकने के लिए किसी तरह से फ्यूल को डंप कर दिया था। पायलट ने विमान के फ्यूल को लैंडिंग से ठीक पहले किसी तरह निकाल दिया, जिससे विमान के फ्यूल टैंक में एक बड़ा धमाका होना टल गया। उनके इस बहादुरी भरे काम ने ही जहाज पर सवार करीब आधे यानी 32 लोगों की जान बचाई है।'

विमान में विस्फोट को टालने के लिए फ्यूल निकालने का फैसला कर कई जान बचाने वाले पायलट की इस हादसे में जान नहीं बच सकी। हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई है। हादसे का शिकार हुई अजरबैजान एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या J2-8243 बुधवार को अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के ग्रोजनी की ओर जा रही थी।

# अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई जारी

- 17 लोगों को किया गया गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस की मदद से ATS द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर और स्थानीय पुलिस, ठाणे, नवी मुंबई, मुंबई सिटी, नासिक आदि की मदद से ATS ने भारत के शहरों में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की तलाशी ली। विदेशी नागरिक अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1950, पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत अब तक विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल 10 अपराध दर्ज किए गए हैं



### महाराष्ट्र सरकार का रुख साफ

बता दें कि उक्त अपराध की जांच करते समय यह भी देखा गया कि बांग्लादेशी नागरिकों ने आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि जैसे नकली दस्तावेजों का उपयोग किया है। उक्त अपराध की आगे की जांच स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों के मुद्दे पर अपने रुख को साफ कर दिया है। दरअसल बीते दिनों देवेंद्र फडणवीस ने अवैध रूप से भारत में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को लेकर सरकार का रुख साफ कर दिया। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार की भूमिका बिल्कुल साफ है।

# मानव तस्करी मामला : कनाडा के रास्ते पहुंचाते थे अमेरिका

- वसूलते थे हर शख्स से 50 से 60 लाख

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मानव तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में सामने आया है कि दो गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) और ट्रावेल एजेंट अमेरिका जाने के इच्छुकों को अवैध तरीके से वहां भेजने का व्यवसाय चला रहे थे। यह एजेंट प्रति व्यक्ति 50 से 60 लाख रुपए वसूलते थे। अमेरिका पहुंचाने के लिए कनाडा का रूट अपनाया जाता था। ईडी की अहमदाबाद यूनिट ने मानव तस्करी के मामले में मुंबई, नागपुर, गांधीनगर और वडोदरा में 10 दिसंबर और 19 दिसंबर को छापेमारी की थी।



### दो संस्थाओं का फर्जीवाड़ा

ईडी जांच के अनुसार भारत से अमेरिका भेजने के लिए मुंबई और नागपुर की दो संस्थाओं (गैर सरकारी संगठन) ने विदेशी विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए करार किया था। इसमें कनाडा के 112 कॉलेजों ने एक संस्था जबकि कनाडा के 150 से ज्यादा कॉलेजों ने दूसरी संस्था से करार किया था। दोनों संस्थाओं के 800 सक्रिय एजेंट थे।

# मुंबई में फटी पानी की टंकी

## 9 साल की बच्ची की मौत, 3 घायल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के नागपाड़ा इलाके में पानी की टंकी फटने से 9 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार सुबह हुई, जब मुंबई के सिद्धार्थ नगर में बीएमसी कॉलोनी के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों द्वारा बनाई गई सीमेंट की पानी की टंकी ओवरफ्लो हो गई और फट गई। पानी की टंकी के फटने से उसकी चपेट में आकर खुशी शहा नामक 9 वर्षीय बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, मिनाज शहा (10 साल), गुलाम मुल्ला (32 साल) और नजराना अली हुसैन (35 साल) घायल हो गए। सभी घायलों को फौजिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पानी की टंकी ओवरफ्लो होने से प्रेशर बढ़ गया, जिसके चलते यह फट गई।



# दुबई से सोने की तस्करी के मामले में नहीं मिली राहत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट से एयरलाइन कर्मचारी समेत दो भाइयों को दुबई से सोने की तस्करी के मामले में राहत नहीं मिली। अदालत ने सीमा शुल्क आयुक्त के 36 सोने की छड़ें (4197 ग्राम) और 2.85 लाख रुपए जब्त करने के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया। आरोपियों ने इस साल जनवरी में दुबई से सोने की तस्करी करने की कोशिश की थी। न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की पीठ के समक्ष एयरलाइन कर्मचारी जेम्स जॉन, दो भाई नरेश पाहुजा और मुकेश पाहुजा की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में सीमा शुल्क आयुक्त के 36 सोने की छड़ें (4197 ग्राम) और 2.85 लाख रुपए जब्त के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया। पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि तस्करी और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के पर्याप्त सबूत हैं। याचिकाकर्ताओं ने दुबई से सोने की तस्करी करने की कोशिश की और सीमा शुल्क अधिकारियों का अपने कब्जे में मौजूद सोने की घोषणा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।



# पहला काम गौमाता का : स्नेहा पंडित दुबे

**डीबीडी संवाददाता | वसई**

मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में वसई सीट से विधायक बनीं स्नेहा पंडित दुबे ने कहा कि गौमाता और वसई के मतदाताओं ने उन्हें यहां की जनता की सेवा का मौका दिया है। इसलिए, उनका पहला कदम पथमेड़ा की वसई शाखा की गौशाला के लिए सड़क बनाने का होगा। वे यह बात विश्व की सबसे बड़ी गौशाला पथमेड़ा के केंद्रीय सचिव गौसेवक नरेंद्र पुरोहित के दफ्तर में कह रही थीं।



### 36 कौम समाज के प्रति आभार

स्नेहा ने 36 कौम समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उनकी विधानसभा में पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है, और वह समाज और वसई की जनता के लिए निरंतर काम करती रहेंगी।

### स्नेहा ने हितेंद्र ठाकुर को हराया

गौरतलब है कि स्नेहा पंडित दुबे ने पांच बार के विधायक हितेंद्र ठाकुर को हराया है। ठाकुर, जो 1990 में पहली बार वसई सीट से निर्दलीय चुनाव जीते थे, इस बार बहुजन विकास आघाड़ी से चुनावी मैदान में थे। त्रिकोणीय मुकाबले में स्नेहा को 77,553 वोट मिले और उन्होंने ठाकुर को 3,153 वोटों से हराया। ठाकुर को 74,400 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार विजय गोविंद पाटिल को 62,324 वोट मिले। स्नेहा पंडित दुबे वसई से 2009 में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले विवेक पंडित की बेटी हैं।

## गौशाला के लिए सड़क बनाने का संकल्प

### समाज का मिलेगा सहयोग : नरेंद्र पुरोहित

नरेंद्र पुरोहित ने स्नेहा को भरोसा दिलाया कि वह और 36 कौम समाज उनके सेवा कार्य में हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# ठाणे जिले में पानी होगा महंगा!

## एमआईडीसी की जल योजना घाटे में, दरें बढ़ाने की तैयारी

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले के अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, तलोजा, नवी मुंबई सहित अन्य शहरों में बारवी बांध से पानी की आपूर्ति करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) ने स्थानीय निकायों को आपूर्ति किए जाने वाले पानी की दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को विधानसभा चुनाव से पहले एमआईडीसी प्रशासन ने निदेशक मंडल के समक्ष मंजूरी के लिए रखा था, लेकिन चुनावों के बाद निर्णय लेने का फैसला लिया गया।

### 11 वर्षों से नहीं बढ़ी हैं पानी की दरें



पिछले 11 सालों में एमआईडीसी की पानी की दरें नहीं बढ़ी हैं, जबकि औद्योगिक उपयोग और शहरी पेयजल की आपूर्ति बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, जल योजनाओं की बकाया जल बिल राशि दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, और इन योजनाओं को अद्यतन करने में काफी खर्च हो रहा है। इस आर्थिक संकट से निपटने के लिए एमआईडीसी ने पानी और बिजली की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया है।

### इन कामों में हुआ खर्चा

पिछले कुछ वर्षों में राज्य भर में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र में जल आपूर्ति योजनाओं को कार्यान्वित करने, क्षमता बढ़ाने, पुरानी पाइप लाइन को बदलने, नए जल उपचार संयंत्रों के निर्माण, जल निकायों के निर्माण, पम्पिंग मशीनरी आदि को बदलना इस कामों पर बहुत खर्च किया गया है। इसके अलावा पांच साल पहले महामंडल द्वारा बारवी बांध की ऊंचाई बढ़ाकर जल भंडारण क्षमता बढ़ाई गई है। बारवी जल प्रदाय योजनान्तर्गत 1800 मिमी व्यास वाले हल्के स्टील के पानी के पाइपों को बदलने और जल उपचार संयंत्र के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है।

### नए साल में निदेशक मंडल की बैठक में होगा निर्णय

नए साल में होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को फिर से मंजूरी के लिए रखा जाएगा, और इस पर निर्णय लिया जाएगा कि संपूर्ण ठाणे जिले के स्थानीय निकायों के लिए जल शुल्क बढ़ाया जाए या नहीं।

### खर्चा बढ़ा, आमदनी उतनी ही रही

अंबरनाथ सहित ठाणे जिले के कई शहरों में एमआईडीसी की जलापूर्ति योजना पर महकमे का खर्चा काफी होता है जबकि उसकी तुलना में राजस्व कम प्राप्त होता है। व्यय और वास्तविक आमदनी में कमी को ध्यान में रखते हुए पानी की कीमतें बढ़ाने की मांग महकमे के स्थानीय पदाधिकारियों ने की है। देनदारी 10 हजार 332.52 करोड़ और प्रस्तावित देनदारी 9 हजार 739.04 करोड़ कुल देनदारी 20 हजार 071.62 करोड़ है। महकमे ने 2013 के बाद से जलापूर्ति की दर में बढ़ोतरी नहीं की है। जल आपूर्ति टैरिफ में मुख्य रूप से जल पट्टी और बिजली टैरिफ प्रमुख लागत है। इन घटकों का लागत अनुपात क्रमशः 35.36 प्रतिशत और 25.44 प्रतिशत, कुल 60.80 प्रतिशत है। साथ ही हर साल पानी और बिजली की दरों में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते 2013 के बाद से मंडल के खर्चों में 67 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद राजस्व में सिर्फ 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# आंकड़े वोट जिहाद के दावे को करते हैं खारिज: रईस शेख

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के परिणामों को लेकर ₹वोट जिहाद₹ के दावे को खारिज किया है। शेख ने कहा कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी महायुति गठबंधन की जीत ने इस आरोप को गलत साबित कर दिया है कि मुस्लिम समुदाय भाजपा के खिलाफ वोट करता है। रईस शेख ने भिवंडी (पूर्व) सीट के मतदान आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि महायुति गठबंधन ने जिन क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी 20 से 52 प्रतिशत के बीच थी, उनमें से 38 में से 21 सीटें जीतीं। शेख के अनुसार, इन क्षेत्रों में अधिकतर हिंदू उम्मीदवार जीतने में सफल रहे, जो यह साबित करता है कि वोट जिहाद जैसा कोई तत्व मौजूद नहीं था।



### मुस्लिम उम्मीदवार की जीत और हिन्दू वोटों का प्रभाव

शेख ने बताया कि कागल और सिल्लोड सीटों पर हिंदू-बहुल क्षेत्रों में भी मुस्लिम उम्मीदवार हसन मुश्रीफ और अब्दुल सत्तार ने जीत हासिल की। शेख ने यह भी कहा कि उन्होंने मुस्लिम बहुल क्षेत्र से 52,000 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, जिसमें से 18,000 हिंदू वोट भी शामिल थे। इसका मतलब यह है कि भाजपा के विभाजनकारी नारे जैसे ₹बटेंगे तो कटेंगे₹ और एक है तो सेफ है का कोई असर मतदाताओं पर नहीं पड़ा।

### मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व

शेख ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में मुस्लिम आबादी 11.56% है, लेकिन नई विधानसभा में उनका प्रतिनिधित्व केवल 3.47% है। इससे स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।

### ध्रुवीकरण की कोशिशें और चुनावी परिणाम

इस दौरान शेख ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की, लेकिन इससे चुनावी परिणामों पर कोई असर नहीं पड़ा।

# नाबालिग लड़की की हत्या मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**लोगों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे में एक 12 वर्षीय बच्ची का अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। इस मामले में आरोपी की तीसरी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। इसी के साथ इस मामले में अबतक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सैकड़ों लोगों ने अपने मुंह को काले कपड़े से ढककर कल्याण (पूर्व) के कोलसेवाड़ी इलाके में विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए तख्तियां और बैनर लिए हुए थे।

### घर के बाहर से हुआ लड़की का अपहरण



बता दें कि सोमवार को नाबालिग लड़की को उसके घर के बाहर से अपहरण किया गया था। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भिवंडी के पास बापगांव में एक कब्रिस्तान की दीवार के पास शव मिला हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि वे पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और अगर रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होती है तो इस मामले में अन्य कानूनी धाराएं जोड़ी जाएंगी।

### जांच में जुटी पुलिस

मुख्य आरोपी की पहचान विशाल गवली के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसे बुधवार की सुबह बुलढाणा जिले के शेगांव से पकड़ा। अपराध को अंजाम देने के लिए एक ऑटोरिक्शा का भी इस्तेमाल किया गया, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस कई सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। इसके साथ ही इस अपराध में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। एक अधिकारी ने कहा, हमारी प्राथमिकता मुख्य आरोपी को जेल के अंदर डालना है। बाद में उसके खिलाफ सभी मामलों को देखा जाएगा।

# 13 हजार सैलरी वाले कर्मचारी का कारनामा

**सरकार के खजाने से चुराए 21.59 करोड़, BMW खरीदी**

**गर्लफ्रेंड को गिफ्ट में दिया 4 बीएचके फ्लैट**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर के डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 21 करोड़ 59 लाख का घोटाला उजागर हुआ है। यहां के एक सरकारी कर्मचारी ने करोड़ों की धांधली करके BMW कार और बाइक खरीदी। यहां तक कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड को 4BHK फ्लैट गिफ्ट किया। यह कर्मचारी कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था और उसकी तनख्वाह सिर्फ 13,000 रुपये थी। छत्रपति संभाजीनगर जिले में हुई इस घटना ने सबको चौंका दिया। हर्षल कुमार अनिल क्षीरसागर नाम के इस कर्मचारी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एडमिनिस्ट्रेशन से इंटरनेट बैंकिंग के जरिए पैसे चुराए।

### कौन है आरोपी हर्षल?



आरोपी की पहचान हर्षल कुमार अनिल क्षीरसागर (उम्र 23) निवासी बीड बाईपास के रूप में हुई है और वह फरार है। यशोदा जयराम शेट्टी (उम्र 38 साल ) उनके पति जीवन करियप्पा विजेंडा (उम्र 47) गड़िया विहार आरोपी का नाम है। नंदीग्राम कॉलोनी के खेल अधिकारी तेजस दीपक कुलकर्णी (उम्र 36) की ओर से दर्ज शिकायत के अनुसार, दिशा फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने फरवरी 2022 से हर्षल को कॉन्ट्रैक्ट ऑपरेटर के रूप में नियुक्त किया। वहीं 2023 में वेब मल्टी सर्विसेज ने यशोदा शेट्टी को क्लर्क के रूप में चुना।

### कैस किया इतना बड़ा फ्रॉड?

हर्षल कुमार ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एडमिनिस्ट्रेशन के नाम पर खुले खाते पर खेल उपनिदेशक के फर्जी हस्ताक्षर कर इंडियन बैंक से लेनदेन कर लिया। चूंकि इस खाते में सरकारी पैसा जमा होता था। ऐसे में किसी भी लेन-देन के लिए उप खेल निदेशक के हस्ताक्षर वाले चेक की जरूरत होती थी। लेकिन आरोपी हर्ष कुमार क्षीरसागर, यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन ने बैंक को जाली दस्तावेज दिखाकर इंटरनेट बैंकिंग एक्टिवेट कर ली। इसके बाद हर्षल ने छह महीने में 21 करोड़ 59 लाख रुपये का घोटाला किया। वित्तीय अपराध शाखा ने इस मामले में यशोदा और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी हर्षल कुमार लग्जरी कार लेकर फरार है।

# डिप्टी सीएम बनते ही एकनाथ शिंदे ने दिखाई दरियादिली

## विनोद कांबली की आर्थिक मदद के लिए बढ़ाया हाथ

डीबीडी संवाददाता । ठाणे





पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली स्वास्थ्य समस्याओं के चलते ठाणे में एक अस्पताल में बीमार चल रहे है। उनके इस हालात को देखकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विनोद कांबली की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। विनोद जो ठाणे में स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती थे। शिंदे ने अस्पताल के डॉक्टरों के साथ समन्वय करके सुनिश्चित किया कि कांबली का इलाज पूरी तरह से हो। इसके अलावा, सांसद श्रीकांत शिंदे ने विनोद कांबली की मौजूदा स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें 5 लाख रुपए की व्यक्तिगत सहायता देने की घोषणा की है।

### इंफेक्शन से जुझ रहे कांबले

आपको जानकारी दे कि विनोद कांबले इलाज के लिए ठाणे जिले के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। मंगलवार को उन्हें बुखार हो गया, लेकिन इस समय उनकी हालत स्थिर है। यह जानकारी कांबली का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मंगलवार को दी। डॉ. विवेक त्रिवेदी ने बताया कि विनोद कांबली (52) मूत्र मार्ग में इंफेक्श के इलाज का असर हो रहा है, जिसके लिए उन्हें शनिवार को भिवंडी शहर के पास आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा**

डीबीडी संवाददाता । पालघर

पत्थरों में भगवान देखने वाले भारतीय, एक स्त्री में अपनी मां, बहन और बेटी को नहीं देख पा रहे हैं। वर्तमान समय में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार यह भारतीय संस्कृति का हिस्सा बिलकुल नहीं रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब ये वैशी दरिंदे छोटी बच्ची, वृद्धा और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला तक को नहीं छोड़ते। ऐसे ही एक घटना की शिकार महिला को 3 साल बाद कोर्ट ने न्याय दिलाया है। इससे महिला के मन के घाव तो पूरी तरह नहीं भरे जा सके लेकिन लोगों का न्यायपालिका पर का विश्वास मात्र और दृढ़ हो गया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक अदालत ने 2021 में मानसिक रूप से अस्वस्थ 40 वर्षीय महिला से दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए.वी. चौधरी-इनामदार ने मंगलवार को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने जिले के विक्रमगाड इलाके के निवासी 45 वर्षीय दशरथ मारूति के खिलाफ सभी आरोप साबित कर दिए।



### दिसंबर 2021 का था मामला

अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण मसराम ने अदालत से कहा कि दिसंबर 2021 में पीड़िता मनोर इलाके में अपने घर में सो रही थी और उसकी मां काम के लिए बाहर गई हुई थी, तभी आरोपी वहां पहुंचा। मसराम ने कहा कि व्यक्ति ने बलात्कार कर धमकी दी कि अगर पीड़िता ने इस अपराध के बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### साक्ष्य के आधार पर सुनाया फैसला

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2022 में महिला के गर्भवती होने का पता चला, जिसके बाद उसकी मां की शिकायत पर मनोर पुलिस ने बलात्कार समेत विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियोजक ने बताया कि बाद में परीक्षण के दौरान पीड़िता के भ्रूण का डीएनए आरोपी के डीएनए से मेल खा गया और इस साक्ष्य को अदालत ने स्वीकार कर लिया।

### भविष्य में न हों ऐसी घटनाएं

मसराम ने बताया कि आजीवन कारावास की सजा के साथ अदालत ने आरोपी पर 11,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया तथा निर्देश दिया कि यह राशि पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दी जाए। उम्मीद है कि अदालत के इस फैसले के बाद अपराधियों में पुलिस का खौफ और न्यायपालिका पर का विश्वास बढ़ जाए और इस प्रकार की घटनाएं भविष्य में न हों।

# जल प्रदूषण की शिकार हुई हजारों मछलियां

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के मुला-मुठा नदी में हजारों की संख्या में मछलियां मर गई हैं। इससे नदियों के बिगड़ते इकोसिस्टम के बारे में गंभीर चिंता पैदा हुई है। बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला तब सामने आया जब पुणे रिवर रिवाइवल ऑर्गेनाइजेनशन



के वॉलंटियर्स यहां इंसपेक्शन के लिए पहुंचे। संगठन ने बाद में इसपर चिंता जाहिर की और नदियों के इकोसिस्टम को ठीक करने पर जोर दिया। प्रभावित क्षेत्रों में संगमवाड़ी, नाइक बेट और विनायक नगर शामिल हैं, जहां से नदी की स्थिति प्रदूषण और खराब वेस्ट मैनेजमेंट की वजह से तेजी से गिर रही है। पुणे नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त, पृथ्वीराज के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों से पानी के सैंपल टेस्ट के लिए लैब्स में भेजे गए हैं।

### लोकल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया गया इंसपेक्शन

एडिश्नल कमिश्नर बताया कि नगर निगम ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) को इसकी जानकारी दी है और स्थानीय सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का निरीक्षण किया गया है। एडिश्नल कमिश्नर पृथ्वीराज ने इंडिया टुडे को बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि STP का ट्रीटेड वॉटर नदी के सर्फेस में नहीं पहुंचा है, और सीवेज पाइपलाइन की जांच चल रही है। पर्यावरण के लिए काम करने वाले सारंग यादवडकर बताते हैं कि मीडिया में चल रही तस्वीरें नाइक द्वीप के पास के क्षेत्र की हैं, जहां मुला और मुठा नदियां मिलती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जबकि नगर निगम ने पानी के सैंपल इकट्ठा किए हैं, अधिकारी अभी तक यह निर्धारित नहीं कर पाए हैं कि किस नदी में पॉल्यूटेड एलिमेंट्स हैं। यादवडकर ने बताया कि मुठा नदी में खासतौर से सिर्फ डोमेस्टिक सीवेज हैं, लेकिन अगर बात करें मुला नदी की तो इनमें इंडस्ट्रियल वेस्ट्स से भारी प्रदूषित है, जिसमें खतरनाक एलिमेंट्स होते हैं। उन्होंने इंडिया टुडे को बताया कि MPCB पर आवश्यक कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

# खाड़ी से अवैध रेती उत्खनन पर सांसद बाल्या मामा ने की कार्रवाई की मांग

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में खाड़ी से अवैध रूप से भारी मात्रा में रेत निकालने का मामला सामने आया है, जिसमें रेती माफिया डेझर और सेक्शन पंपों का उपयोग कर भारी मात्रा में रेत उत्खनन कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में रेत व्यापार में काफ़ी वृद्धि हुई है, जबकि स्थानीय गोताखोरों का पारंपरिक रेत खनन व्यवसाय प्रभावित हुआ है। इस स्थिति के मद्देनज़र, भिवंडी के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने राजस्व विभाग से इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### राजस्व विभाग को कार्रवाई का इशारा




बाल्या मामा ने मंगलवार को भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले से मुलाकात की और रेती माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की। इस अवसर पर तांडेल मंडल और तालुका के गोताखोर भी मौजूद थे। बाल्या मामा ने कहा कि अगर महसूल विभाग कार्रवाई नहीं करता, तो स्थानीय भूमिपुत्र खुद ही इन अवैध रेती उत्खनन गतिविधियों पर कदम उठाएंगे।

### सांसद बाल्या मामा का आश्वासन

बाल्या मामा ने यह भी कहा कि यदि राजस्व विभाग ने इस मामले की अनदेखी की, तो वे डेझर और सेक्शन पंप के खिलाफ खुद कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा, शुक्रवार को ठाणे कलेक्टरेट में एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। तहसीलदार अभिजीत खोले ने इस बैठक में समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

### स्थानीय गोताखोरों की समस्या

भिवंडी के खाड़ी क्षेत्र में कई वर्षों से गोताखोरों द्वारा पानी में डुबकर रेत खनन का पारंपरिक कारोबार होता रहा है। हालांकि, सरकार ने महाराष्ट्र सागरी मंडल द्वारा डुबकर रेत खनन पर रोक लगा दी है। अब अवैध रूप से डेझर और सेक्शन पंपों से रेत उत्खनन करने वाले माफियाओं ने इस क्षेत्र में अपने कदम जमा लिए हैं, जिसके कारण गोताखोरों का पारंपरिक व्यवसाय बंद हो गया है। बाल्या मामा ने बताया कि इस अवैध उत्खनन के कारण गोताखोर अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

### आगे की रणनीति

बाल्या मामा ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर जिला कलेक्टरों की बैठक में कोई सही समाधान नहीं निकाला जाता, तो वे खुद ही अवैध रेती उत्खनन करने वालों के खिलाफ कदम उठाएंगे। उनका लक्ष्य स्थानीय नागरिकों को न्याय दिलाना है, और वे इसके लिए सभी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं।

# मनपा की जलवाहिनी से पानी चोरी करने वाले 3 पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी महानगर पालिका (मनपा) क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शन के माध्यम से पानी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बुधवार को मनपा के जलापूर्ति विभाग ने अजंता कंपाउंड में पानी चोरी करने के आरोप में तीन आरोपियों के खिलाफ भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। यह कार्रवाई प्रशासक और मनपा आयुक्त अजय वैद्य के आदेशानुसार और प्रभारी अधिकारी संदीप पटनावर के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्रवाई में विराज भोईर और उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### लाखों का जुर्माना

### पानी चोरी करने वाले आरोपी और जुर्माना



पुलिस के मुताबिक, अजंता कंपाउंड स्थित तरुण टेक्सटाइल के सामने मनपा की जलवाहिनी में छेद कर अवैध नल कनेक्शन लेने वाले सलामत खान पर 1.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, उसी इलाके के निवासी शहजादे खान पर भी 1.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। तीसरे आरोपी मुख्तार अताउल्लाह शेख के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए 35,000 रुपए का दंड भी लगाया गया है।

### अवैध नल कनेक्शन से मचा हड़कंप

मनपा द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई के बाद अवैध नल कनेक्शन लगाने और पानी चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। यह कदम ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी है, जो अवैध रूप से पानी का उपयोग कर रहे हैं। मनपा ने इस मामले में और सख्त कार्रवाई करने का संकेत दिया है, ताकि अवैध पानी चोरी को रोका जा सके।

# प्रतिबंधित गुटखा से भरा टेंपो जब्त

## एक गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के भोईवाड़ा पुलिस ने कारीवली रोड पर एक टेंपो से भारी मात्रा में अवैध गुटखा बरामद किया है। पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में कुल 11 लाख 43 हजार 336 रुपये का माल जब्त किया गया है।

### मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, भोईवाड़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक टाटा इंट्रा टेंपो (नंबर: एमएच–03



इजी–3759) गैबी नगर से प्रतिबंधित गुटखा भरकर मुंबई जा रहा है। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक रत्नपारखी के मार्गदर्शन में पुलिस ने करीवली पुलिस चौकी के पास जाल बिछाया। शाम 7 बजे के करीब पुलिस ने उस टेंपो को रोका और उसमें से 8 लाख 42 हजार 526 रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और 3 लाख रुपये मूल्य का टेंपो जब्त किया। पुलिस ने मुंबई–भाईंदर निवासी त्रिभवन इंद्रजीत मौर्या (39 वर्ष) को गिरफ्तार किया, जबकि गैबी नगर निवासी फुरकान शेख उर्फ बाबा फरार है।

# आनंदनगर में भीमसैनिकों ने गृहमंत्री अमित शाह का किया विरोध

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में दिए गए विवादित बयान के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कोपरी पूर्व आनंदनगर में दो हजार से अधिक भीमसैनिकों ने गृहमंत्री के खिलाफ रैली निकाली। यह रैली आनंदनगर कामगार कल्याण केंद्र से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, बुद्धविहार, बारा बंगला सर्कल होते हुए छत्रपती शिवाजी महाराज स्मारक तक निकाली गई।



### फोटो जलाकर जताया गुस्सा

रैली के दौरान उपस्थित नागरिकों ने गृहमंत्री अमित शाह से पद से इस्तीफा देने की मांग की और गुस्से में आकर गृहमंत्री शाह का फोटो जलाया। इस विरोध प्रदर्शन में मिलिंद बनकर, पत्रकार आनंद कांबले, प्रविणभाऊ गायकवाड, विजय दलवी, सोनाली सरदार, निलेश खैरे, संदीप बनकर, वृषाली दलवी-जाधव, भरत उबाले, हिरा वानखेडे, योगेंद्र (बाला) हाटे, महादेव बोकडे, प्रवीण झेंडे, राहुल कांबले, सुभाष भोसले, शरद वायदंडे, उत्तम खाडे, पत्रकार नितीन दूधसागर, रवींद्र बच्छाव, और हरेश दारोले सहित कई अन्य नागरिक शामिल हुए।

# मार्च-अप्रैल 2025 में हो सकते हैं स्थानीय निकायों के चुनाव

**मंत्री बावनकुले ने दी जानकारी**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट जनवरी के पहले हफ्ते में ओबीसी आरक्षण पर अपना फैसला सुनाता है, तो राज्य में स्थानीय निकायों के लंबित चुनाव मार्च-अप्रैल 2025 में होंगे। नागपुर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध है।



### राज्य सरकार पूरी सहायता करेगी: बावनकुले

राजस्व मंत्री ने आगे कहा, 'राज्य चुनाव आयोग चुनाव कराएगा और राज्य सरकार पूरी सहायता प्रदान करेगी।' बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) समेत अधिकांश नगर निगमों और राज्य के अन्य स्थानीय निकायों का पांच साल का कार्यकाल 2022 में ही खत्म हो गया है।

### 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था फैसला

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती। कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, आयोग की सिफारिशों के आलोक में प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी कि ऐसा आरक्षण एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षित कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।

**'कोई गलत काम हुआ है, तो उसे सुधारा जाएगा'**

मंत्री ने आगे कहा कि ऐसी शिकायतें थीं कि महाराष्ट्र में निजी धर्मार्थ ट्रस्टों और शैक्षणिक संस्थानों के स्वामित्व वाली कई संपत्तियों को वक्फ बोर्ड ने जबरन अपने कब्जे में ले लिया था। उन्होंने कहा, 'एक बार संसद की तरफ से वक्फ (संशोधन) विधेयक को मंजूरी मिल जाने के बाद, इसे महाराष्ट्र में लागू किया जाएगा। अगर कोई गलत काम हुआ है, तो उसे सुधारा जाएगा।' महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख ने कहा कि गांवों की आबादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर तकनीक के साथ मानचित्रण (स्वामित्व) के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को उनकी जमीन के स्वामित्व के लिए ई-संपत्ति कार्ड प्रदान करने के लिए 2021 में गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया शुरू हुई। उन्होंने कहा कि 30,515 गांवों में से 15,327 में ई-संपत्ति कार्ड तैयार हैं और जल्द ही वितरित किए जाएंगे।

# 'मैं ट्रैजेडी टूरिज्म को बढ़ावा देने वालों में नहीं'

**फडणवीस ने उद्धव पर बोला हमला**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड और परभणी में हुई घटनाओं के बाद वहां का दौरा न करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) ने सीएम देवेंद्र फडणवीस की अलोचना की थी। अब इन आलोचनाओं पर पलटवार करते हुए फडणवीस ने कहा, ₹मैं ट्रैजेडी टूरिज्म को बढ़ावा देने में यकीन नहीं करता। मेरे लिए सरकार की ठोस कार्यवाही और पीड़ित परिवारों तक मदद पहुंचाना अधिक महत्वपूर्ण है।₹ देवेंद्र फडणवीस ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि वे प्रतीकात्मक दौरों के बजाय निर्णायक कार्यवाही पर विश्वास रखते हैं।

### परभणी और बीड की घटनाओं को बताया गंभीर

फडणवीस ने परभणी में संविधान के कथित अपमान के बाद हुई हिंसा और बीड में मसरजोग गांव के सरपंच की हत्या की घटनाओं को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि उनके व्यस्त रहने के कारण डिप्टी सीएम अजित पवार ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। शिवसेना (यूबीटी) ने इन घटनाओं पर मुख्यमंत्री के दौरे न करने को लेकर निशाना साधा था।

### फडणवीस ने बताया महायुति सरकार का विजन

नागपुर में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में फडणवीस ने महायुति सरकार के ऐतिहासिक जनादेश और जनता की उम्मीदों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा, ₹हम अपने वादे पूरे करेंगे और महाराष्ट्र के समग्र और संतुलित विकास पर काम करेंगे।₹ फडणवीस ने अपनी प्रशासनिक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के रूप में उनके अनुभवों ने उन्हें मजबूती से नेतृत्व करने के लिए तैयार किया है।

### ऊर्जा और सिंचाई क्षेत्र पर बड़ा ऐलान

फडणवीस ने ऊर्जा क्षेत्र में 25 साल की योजना का जिक्र करते हुए कहा कि बिजली दरों को स्थिर या कम करने का प्रयास किया जाएगा। गरीबों के लिए घरों में सोलर ऊर्जा की सुविधा देने और कम दरों पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं और छह नदियों को जोड़ने की पहल पर जोर दिया।

### गढ़चिरौली को स्टील सिटी बनाने का प्रोग्राम

फडणवीस ने नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले को भारत के अगले स्टील सिटी में बदलने का सपना साझा किया। उन्होंने कहा कि जिले को खनन और इस्पात उत्पादन का हब बनाया जाएगा। गढ़चिरौली के लिए गार्जियन मंत्री बनने की इच्छा भी व्यक्त की।

## संजय राउत ने वाजपेयी को बताया दूसरा नेहरू



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का दूसरा नेहरू बताया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी राजधर्म खतरे में आएगा, वाजपेयी को याद किया जाएगा। बता दें कि बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि भले ही उनकी पार्टी भाजपा के साथ नहीं है, लेकिन इसके बावजूद वाजपेयी को हमेशा याद किया जाएगा। संजय राउत ने कहा, वर्तमान समय में भाजपा पंडित जवाहर लाल नेहरू की विरासत क बदनाम कर रही है, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी दूसरे नेहरू थे। वे गैर कांग्रेसी पार्टी के नेहरू थे। उन्होंने आगे कहा, कट्टर हिंदित्ववादी होने के बावजूद वाजपेयी का मानना था कि देश सभी का है।

# आदित्य ठाकरे ने CM देवेंद्र फडणवीस को लिखा पत्र

**बैनर-पोस्टर वॉर को लेकर उठाई आवाज**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में बीते पांच वर्षों में हुई सियासी उथल-पुथल के बाद राजनीतिक दलों के बीच 'पोस्टर वार' का चलन तेजी से बढ़ा है। राज्य के हर हिस्से खासकर मुंबई एमएमआर के कोने-कोने में हजारों राजनीतिक पोस्टर देखने को मिल जाते हैं। शहर की शक्ल बिगाड़नेवाले इन पोस्टरों में कुछ वैध होते हैं तो वहीं ज्यादातर अवैध ही होते हैं। शहर को कुरूप बनानेवाले इन पोस्टर्स पर नकेल कसने की मांग शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) के नेता व विधायक आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की है।

### आदित्य ठाकरे ने लिखा पत्र



आदित्य ने ठाकरे को पत्र लिख कर अवैध पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग मुख्यमंत्री फडणवीस से की है। पत्र में आदित्य ने लिखा है कि शहर को कुरूप बनानेवाले पोस्टरों की भरमार के कारण एक नागरिक के तौर पर मुझे दुख होता है। अवैध पोस्टरों, होर्डिंग्स पर लगाम लगाकर शहर को गंदा होने से काफी हद तक बचाया जा सकता है। आदित्य ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में कदम उठाने का आव्हान करते हुए कहा है कि हमारी पार्टी इस कार्य में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगी।

### राजनीतिक दलों से भी की अपील

आदित्य ने पत्र में लिखा है कि भले ही आप सरकार में हैं और मुख्यमंत्री हैं तथा हम विपक्ष में हैं लेकिन इन चीजों पर हमें मिलकर काम करना चाहिए। मैं आपसे इस दिशा में पहल करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने सभी सियासी दलों से इस दिशा में स्वयं उत्स्फूर्त होकर सहयोग की अपील करते हुए लिखा है कि यदि सभी राजनीतिक दल अवैध पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स नहीं लगाने का निर्णय लेते हैं, तो यह नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत होगी। आदित्य ने यह वादा भी किया है कि यदि मुख्यमंत्री सभी पार्टियों की बैठक बुलाते हैं तो मैं और मेरी पार्टी आपको सहयोग देने को तैयार है।

## मुस्लिम नेता अबू आजमी ने किया सनातन बोर्ड का समर्थन



**मुंबई।** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने वक्फ बोर्ड की तर्ज पर सनातन बोर्ड बनाने की मांग की है, और इस मांग का समर्थन करने के लिए कई नेता सामने आ रहे हैं। इस बीच, समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी ने सनातन बोर्ड का समर्थन किया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड वह है जिसमें मुस्लिम समाज के लोग अपनी ज़मीन दान में देते हैं। अबू आजमी ने कहा, ₹अगर सनातन धर्म में भी लोग अपनी ज़मीन दान में देते हैं और उसका बोर्ड बनता है, तो इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस), इलेक्ट्रिक, लोको शेड, पश्चिमी रेलवे, वलसाड 396001 (गुजरात), ई-टेंडर आमंत्रित करता है **सूचना संख्या: ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/02, दिनांक 24.12.2024। कार्य और स्थान:** ईएलएस/बीएल में 3 वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको के लोको कैब, मशीन रूम, फिल्टर, लुक आउट ग्लास, कैटल गार्ड (सीआरओ) आदि का रखरखाव/रखरखाव। **कार्य की अनुमानित लागत:** 60,15,949.6. **ईएमडी:**1,20,300/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 21.01.2025 को 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 21.01.2025 को 12:30 बजे। निविदा वेबसाइट पर देखी जा सकती है www.ireps.gov.in

0883

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सहायक ट्रांसफार्मर का प्रतिस्थापन**

एडीईई/टीआरडी/बीएल, दिनांक 24.12.2024 को इलेक्ट्रिकल टीआरडी गैर-उपनगरीय बीसीटी के लिए **निविदा सूचना संख्या: ईएल-टीआरडी-डब्लू-118-24-25-12-आर आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत में पुराने एसएंडटी इंटरलॉकिंग सिस्टम के प्रतिस्थापन के साथ उदवाड़ा स्टेशन की नई ईएल बिल्डिंग के संबंध में सहायक ट्रांसफार्मर का प्रतिस्थापन। **विज्ञापित मूल्य:** 34,81,565/-। **ईएमडी:** 69,600/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 21.01.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 21.01.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

0885

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# डॉ. हर्षदीप कांबले बने बेस्ट के नए मुखिया, कार्यभार संभाला

**1997 बैच के आईएएस अधिकारी हैं कांबले**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार ने 12 आईएएस के तबादले करते हुए बेस्ट की कमान अब डॉ. हर्षदीप कांबले को सौंपी है। नई सरकार बनने के बाद अब तक यह सबसे बड़ा प्रशासनिक फेरबदल है। इसमें अनिल डिग्गीकर, हर्षदीप कांबले और डॉ. पी. अनबलगन सहित 12 आला अधिकारियों के काम में बदलाव किया है। सरकार ने बेस्ट के महाप्रबंधक अनिल डिग्गीकर को दिव्यांग कल्याण विभाग (मंत्रालय) के अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर नियुक्त किया है। उद्योग, व श्रम विभाग के प्रधान सचिव हर्षदीप कांबले को बेस्ट का महाप्रबंधक बनाया गया है।

### भरोसा लौटाने की चुनौती

बेस्ट के जनरल मैनेजर पद पर कांबले की नियुक्ति के पीछे हाल में हुए हादसों को जिम्मेदार माना जा रहा है। कुर्ला बेस्ट बस हादसे में नौ की मौत हो गई थी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. हर्षदीप कांबले ने ट्रांसफर के बाद बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम के महाप्रबंधक (जीएम) का कार्यभार संभाल लिया है। उनके सामने बेस्ट को बेस्ट बनाए रखने की चुनौती है क्योंकि हाल के हादसों बेस्ट की साख गिरी है। सरकार ने वर्धा के कलेक्टर राहुल कार्डिले को नासिक मनपा का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

### कौन हैं हर्षदीप कांबले?

1997 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. हर्षदीप कांबले ने अभी तक ऊर्जा एवं श्रम विभाग, मंत्रालय में प्रधान सचिव (उद्योग) के पद पर तैनात थे। कांबले के सामने बेस्ट की इलेक्ट्रिक बसों के बेहतर संचालन की बड़ी चुनौती होगी, हाल ही में ड्राइवरों की ट्रेनिंग में बदलाव का फैसला भी सामने आया था। 17 दिसंबर, 1975 को महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव में जन्में कांबले ने 1997 में आईएएस बने थे। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा महाराष्ट्र के स्टेट लोकल स्कूल से की है।

# नाना को ना-ना

**विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में घमासान**



**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को महायुति ने बुरी तरह हरा दिया। इसमें राज्य में लोकसभा में नंबर वन रहने वाली कांग्रेस पार्टी सिर्फ 16 सीटों पर अटक गई। कांग्रेस के इतिहास में यह बेहद कम आंकड़ा प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में राज्य में देखने को मिला। इसलिए प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ सह-प्रभारी कांग्रेस नेता ने भी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर हमला बोलने की तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व विपक्षी नेता विजय वडेट्टीवार ने विधानसभा चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार होने की बात कहकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर सीधा निशाना साधा है। हार के कारणों, गलतियों और राय जानने के लिए प्रभारी रमेश चेन्निथला नागपुर आए । उन्होंने सभी से चर्चा भी की।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए) पश्चिमी रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/243, दिनांक 23.12.2024 को निविदा आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** विरार-जोरावासन खंड: एसएसई (पी.वे), डीआरडी अनुभाग के तहत पी.वे को 2 वर्ष के लिए स्थानांतरित करने हेतु। **कार्य की अनुमानित लागत:** 6,48,85,545.60। **ईएमडी:** 4,74,400/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 17.01.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 17.01.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

0882

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**सार्वजनिक सूचना**

**माहिम रेलवे स्टेशन पर साउथ एमसीजीएम फुट ओवर ब्रिज को बंद किया जा रहा है**

माहिम साउथ एमसीजीएम एफओबी ओवर हार्बर लाइन पर साउथ फुट ओवर ब्रिज को डेक स्लैब के पुनर्निर्माण के लिए ध्वस्त किया जाना आवश्यक है। इसलिए, यह दिनांक **5.01.2025 से 25.01.2025** तक बंद रहेगा। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए बहुत खेद है।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in

0879

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज संख्या | 2024_MCGM_1129425_1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | के.बी. भाभा अस्पताल, कुर्ला (पश्चिम) में मुख्य प्रवेश द्वार, प्रशासनिक भवन, चिकित्सा अधीक्षक क्वार्टर और परिसर रोशनी के सुधार का कार्य। |
| निविदा जांच शुल्क | रु. 1320/+18.0% जीएसटी |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | NA |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 6,000/- |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 26.12.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा बेचने और बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | 01.01.2025 को 15.00 बजे |
| वेबसाइट | https://portal.mcgm.gov.in |
| बोली-पूर्व बैठक | NA |
| पैकेट ए खोलने का समय | 02.01.2025 को 15.00 बजे |
| पैकेट बी खोलने का समय | 02.01.2025 को 15.10 बजे |
| पैकेट सी खोलने का समय | 05.01.2025 को 15.00 बजे |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालय:-चिकित्सा अधीक्षक, एमसीजीएम खान बहादुर भाभा अस्पताल, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070 |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।

एमसीजीएम बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./-
चिकित्सा अधीक्षक
खान बहादुर भाभा अस्पताल कुर्ला (पश्चिम)

पीआरओ/2067/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**धोखाधड़ी** | SIM स्वैप से हासिल किया OTP, ट्रांसफर कर लिए 7.5 करोड़

# मुंबई में प्राइवेट कंपनी के मालिक से साइबर फ्रॉड

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में एक निजी कंपनी के मालिक से SIM स्वैप धोखाधड़ी के जरिए 7.5 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 4.65 करोड़ रुपये रिकवर कर लिए हैं। इस पूरे मामले की जांच जारी है।




### SIM स्वैप धोखाधड़ी की प्रकृति

SIM स्वैप धोखाधड़ी एक प्रकार की आइडेंटिटी चोरी होती है, जिसमें ठग मोबाइल नेटवर्क प्रोवाइडर को यह विश्वास दिलाते हैं कि वे असली मोबाइल नंबर से जुड़ी SIM कार्ड का स्वैप कर रहे हैं। इससे ठगों को बैंक के OTPs तक पहुंच मिल जाती है और वे ऑनलाइन बैंक अकाउंट्स को कंट्रोल कर लेते हैं।

### धोखाधड़ी की घटना और पुलिस की कार्रवाई

सोमवार को कांदिवली में एक निजी कंपनी के मालिक को साइबर ठगों ने SIM स्वैप धोखाधड़ी का शिकार बना लिया। ठगों ने कंपनी के बैंक अकाउंट तक पहुंचने के लिए उनके मोबाइल नंबर से जुड़ी SIM का इस्तेमाल किया और इसके बाद बैंक द्वारा भेजे गए OTP का उपयोग कर कई ट्रांजेक्शन किए।

जब कंपनी के मालिक को धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर मामले की सूचना दी और अवैध ट्रांजेक्शन्स की डिटेल्स भेजीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क किया और शिकायत को National Cyber Crime Reporting Portal (NCCRP) पर भी दर्ज किया। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने धोखाधड़ी के चार घंटे के भीतर 4.65 करोड़ रुपये को फ्रीज कर लिया, लेकिन ठगों ने पहले ही अधिकांश राशि निकाल ली थी। पुलिस के अनुसार, राशि को विभिन्न अकाउंट्स में ट्रांसफर किया गया था।

संपादकीय

# विफल प्रयोग में सुधार

अब केंद्र सरकार ने शिक्षा नीति में उस फैसले में सुधार किया है, जिसमें पांचवीं व आठवीं में किसी छात्र को फेल न करके, अगली कक्षा में जाने का सरल रास्ता दे दिया गया था। कहा जा रहा था कि इस फैसले के चलते छात्रों द्वारा परीक्षाओं को गंभीरता से न लेने से शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही थी। छात्रों को लगने लगा था कि जब वे फेल नहीं होंगे और अगली कक्षा में बिना पढ़े चले जाएंगे, तो पढ़ना किस लिए। जिसके चलते शैक्षिक स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। दरअसल, पहले सरकार ने इस मुद्दे पर संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए छात्रों के प्रति उदार रवैया अपनाया। यह माना गया कि छात्रों को फेल करने से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है। कतिपय स्थानों पर फेल होने के तनाव में आत्महत्या तक के मामले प्रकाश में आए थे। यही वजह थी कि विद्यार्थियों के स्वाभाविक विकास व उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिये उन्हें फेल न करने की नीति अपनायी गई। दरअसल, नो डिटेंशन नीति लागू करने का मकसद यही रहा कि वंचित व पिछड़े समाज के छात्रों को स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला पाने का मौका मिले। यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया। इसमें स्कूलों में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का विचार किया गया। कालांतर 2019 में राज्य सभा में भी यह बिल पारित हुआ। दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुनः परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के लिये नियमित परीक्षा करायी जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दुबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे। निस्संदेह, फैसले के बाद छात्र इम्तिहानों को गंभीरता से लेने पर परीक्षाओं की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल, सरकार की कोशिश रही है कि नई शिक्षा नीति उदार बनी रहे और इससे उनकी सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि पहले ही बीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेश नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर चुके हैं। लेकिन यहां जरूरी है कि स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाए। इसके लिये आवश्यक है कि शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाने वाले पाठ्यक्रम लागू हों, व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण तथा व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा मिले। ऐसे में यदि छात्रों को प्रणालीगत विपलताओं का त्रास झेलना पड़े तो यह उनके प्रति अन्याय करने जैसा ही होगा। चिंता व्यक्त की जाती रही है कि नये फैसले से हाशिये पर रहने वाले समुदायों के बच्चों के साथ न्याय नहीं होगा। उनमें फेल होने के डर से स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। जिसकी आशंका तमिलनाडु जैसे राज्य पहले ही जता चुके हैं। चिंता जतायी जाती रही है कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा के अधिकार की रचनात्मक पहल बाधित हो सकती है।

# मोदीशाही की गोयबल्सीय रणनीति



राजेन्द्र शर्मा

आरक्षण का मुद्दा एक और ऐसा मुद्दा है, जिस पर मोदीशाही ने एक्यूजेशन इन मिरर रणनीति का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया है। और यह स्वाभाविक भी है क्योंकि धर्मनिरपेक्षता के बाद इसी मामले में उसकी नीयत सबसे ज्यादा संदेह के घेरे में है। इसकी सीधी सी वजह यह है कि संघ-भाजपा का मनुवादी विचारधारात्मक आधार इतना हाल-हाल तक लिखत-पढ़त में बना रहा है कि, न उसे छुपाना संभव है और न उनके लिए उसके खिलाफ जाना संभव है। एक्यूजेशन इन मिरर उस झूठे दावे का नाम है, जिसमें शिकार होने वाले पर शिकारी द्वारा वह सब करने का आरोप लगाया जाता है, जो वह खुद कर रहा होता है या करने का इरादा रखता है। संविधान के 75वें वर्ष के संदर्भ में संसद के दोनों सदनों में हुई बहस में सत्तापक्ष की ओर से सबसे बढ़कर 'एक्यूजेशन इन मिरर' की प्रचार रणनीति का ही सहारा लिया जा रहा था। वैसे संघ परिवार के इस रणनीति का सहारा लेने में शायद ही किसी को हैरानी होनी चाहिए, क्योंकि यह रणनीति गोयबल्स की शिक्षाओं तथा उसके अमल पर ही आधारित मानी जाती है। फिर भी यह बात अतिरिक्त रूप से चिंतित करने वाली जरूर है कि आधुनिक नरसंहारों के विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, यह रणनीति नरसंहारकर्ताओं की आम रणनीति रहती आयी है; ऐसी रणनीति का संविधान की महत्ता पर चर्चा के संदर्भ में इस तरह का खुलेआम सहारा लिया जाना, नरसंहार की निकटता के एहसास से बदन में एक सिहरन तो पैदा करता ही है। प्रधानतः इस गोयबल्सीय रणनीति का सहारा लेकर ही मोदी की भाजपा और उसके सहयोगी भी, अपने साढ़े दस साल के राज में संविधान के एक प्रकार से ध्वस्त ही कर दिए जाने और उससे भी बढ़कर अब भी लगतार ध्वस्त किए जाने की कड़वी सच्चाइयों को, अपने विरोधियों पर ही संविधान को ध्वस्त करने के आरोप लगाने के जरिए छुपाने की कोशिश कर रहे थे। याद रहे कि एक धर्मनिरपेक्ष जनतांत्रिक संविधान को ध्वस्त कर के, उसकी जगह पर एक हिंदू राज के नाम पर सांप्रदायिक तानाशाही को बैठाने की इस परियोजना में, अब भी कोई पक्की रुकावट नहीं आयी है। यह तब है जबकि इसी वर्ष हुए आम चुनाव में, संविधान को बदलने के उसके इरादों पर विपक्ष के सुगठित प्रहार ने, न सिर्फ इन्हें चुनाव में बचाव पर पड़ने के लिए मजबूर कर दिया था, बल्कि मोदी की भाजपा और उसके नेतृत्ववाले गठजोड़ को, चार सौ पार के उसके मंसूबों और उसके आधार पर संविधान बदलने के इरादों से काफी सुरक्षित दूरी पर ही, रोक दिया था।

हैरानी की बात नहीं है कि आम चुनाव के समय से ही और खासतौर पर चुनाव नतीजे आने के बाद से, पूरी संघी बिरादरी इसका रक्षात्मक प्रचार करने में लगी रही थी कि उसके संविधान को बदलने के इरादों के, अपने 'झूठे नैरेटिव' के जरिए ही उसके विरोधी आम चुनाव में अपनी ताकत काफी बढ़ाने में कामयाब रहे थे। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में विधानसभाई चुनाव में अपनी संदिग्ध किंतु स्पष्ट जीत के बाद से तो उनके इस प्रचार में एक नयी और बढ़ती हुई आक्रामकता भी दिखाई देने लगी है। एक प्रकार से बड़े झीने से पर्दे के पीछे से उन्होंने इसका दावा ही शुरू कर दिया है कि आम चुनाव में जनता बहक गयी थी और अब उसने तेजी से अपनी गलती सुधारनी शुरू कर दी है! बहरहाल, 'एक्यूजेशन इन मिरर' की ही रणनीति का सहारा लेकर, इस मिथ्या प्रचार को एक नयी ऊंचाई पर ले जाने की कोशिश की जा रही है, जहां वे संविधान को घाव भी देते रहेंगे और उसी समय इसका शोर भी मचा रहे होंगे कि विपक्ष ही संविधान को घायल कर रहा है। इस मुहिम के लगातार जारी होने का सबूत तब मिल गया, जब राज्यसभा में जिस समय संविधान के 75 वर्ष पर बहस का, मोदी राज में अपनी नंबर दो की हैसियत का और खुला ऐलान करते हुए, गृहमंत्री अमित शाह जवाब दे रहे थे, ठीक उसी समय लोकसभा में मोदीशाही द्वारा तथाकथित 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को लागू करने के लिए, दो-दो विधेयक पेश किए जा रहे थे। यह पूरा प्रोजेक्ट किस तरह भारत के पूरे संघीय ढांचे को ही उलट-पुलट कर देने वाला है और इसके साथ ही साथ हमारी संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था को गंभीरता से भीतर से खोखला कर देने वाला है, इसके विस्तार में हम यहां नहीं जाएंगे। इसी प्रकार, हम यहां इसके विस्तार में भी नहीं जाएंगे कि किस तरह इस नारे को एक अलोकतांत्रिक हठ के साथ, देश पर इसके बावजूद थोपने की कोशिश की जा रही है कि देश, इस सवाल पर साफ तौर पर और दो लगभग बराबर के हिस्सों में बंटा हुआ है। इस विभाजन का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि लोकसभा में इन विधेयकों को पेश किए जाने के प्रस्ताव पर हुए मत विभाजन में बेशक , 263 वोट के साथ उक्त प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया, लेकिन इस प्रस्ताव के खिलाफ भी पूरे 198 वोट पड़े थे।

यह भी याद रहे कि उक्त विधेयकों में संविधान संशोधन के प्रस्ताव भी शामिल हैं, जिनके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की न्यूनतम शर्तऱ् है। लेकिन, लोकसभा में जिन कुल 461 सदस्यों ने वोट किया, उनका दो-तिहाई आंकड़ा 307 होता है। जाहिर है कि इन संशोधनों के पक्ष में दो-तिहाई बहुमत दूर-दूर तक नहीं है। वैसे बड़े विडंबनापूर्ण तरीके से यह प्रकरण एक बार फिर चार सौ पार के नारे की याद दिला देता है। चार सौ पार का आंकड़ा इसी तरह मनमर्जी से संविधान संशोधन थोपने के लिए ही तो चाहिए था, जिस सच्चाई को उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान तथा कर्नाटक, देश के अलग-अलग कोनों से भाजपा नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान, नासमझी से उजागर कर दिया था।

विडंबना यह है कि आर्थिक रूप से वंचितों के आरक्षण को सिर्फ हिंदू सवर्णों तक सीमित करने के जरिए, इस दावे से ठीक उल्टा अमल किया जा रहा है यानी न सिर्फ हिंदू धर्म बल्कि सवर्ण जातियों तक सीमित आरक्षण चलाया जा रहा है। लेकिन, यही तो एक्यूजेशन इन मिरर का कमाल है, दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं क्योंकि उन्हें खुद वही करना है।

जीवन मंत्र | अमृत साधना

# प्रेम दुखद क्यों होता है

ओशो ने प्रेम पर अनगिनत पहलुओं से चर्चा की है। दरअसल, ओशो से जितने प्रश्न पूछे गए, उनमें सर्वाधिक सवाल रिश्तों की कठिनाई, उलझनों को लेकर ही होते थे। इसलिए उसके कुछ बिंदुओं को समझना अच्छा होगा।



प्रेम बड़ी रहस्यमय घटना है। यहां हर कोई इसका भूखा है, लेकिन हर कोई इससे खाली रहता है। बस एक चाह मन में सुलगती रहती है, मगर यह चाह हकीकत नहीं बन पाती। मीरा बाई जैसे संतों ने भी स्वीकार किया- जो मैं ऐसा जानती, प्रीत किए दुख होय, नगर ढिंढोरा पीटती, प्रीत न करियो कोय। दरअसल, प्रेम के साथ जो दुख आता है, उससे हम सब डरते हैं। प्रेम अपने साथ समस्याएं और दर्द लाता है, क्योंकि पहली बार आप किसी को अपने इतने करीब आने देते हैं। इसके लिए आप तैयार नहीं होते, क्योंकि हमारा परिवार बहुत औपचारिक रिश्तों से बना है। उस दीवार को तोड़कर कोई अंदर घुस आए, तो सब अस्त-व्यस्त हो जाता है। लेकिन ये चुनौतियां व्यक्तिगत विकास के अवसर देती हैं, जो चेतना को ऊपर उठाती हैं।

ओशो ने प्रेम पर अनगिनत पहलुओं से चर्चा की है। दरअसल, ओशो से जितने प्रश्न पूछे गए, उनमें सर्वाधिक सवाल रिश्तों की कठिनाई, उलझनों को लेकर ही होते थे। इसलिए उसके कुछ बिंदुओं को समझना अच्छा होगा। एक तो प्रेम दुखद है, लेकिन यह दुख निश्चित रूप से एक आशीर्वाद है। यौनाचार दुखद नहीं, यह तो बहुत आसान है, सुविधाजनक है। लोग इसका उपयोग लगभग 'ट्रैंक्विलाइजर' के रूप में करते हैं। लेकिन उससे आपके हृदय को संतुष्टि नहीं मिलती। प्रेम दुखद है, क्योंकि वह आपका विकास करता है। प्रेम आपको अंतर-बाहर सबसे बदल देता है, आपको एक नया जन्म देता है। अगर दुख के प्रति हमारा रवैया बदल जाए, तो हम प्रेम में उतरने के लिए तैयार हो सकते हैं। इसलिए जब प्रेम पैदा हो, तो उसमें सहयोग करें, विरोध करने की कोशिश न करें। प्रेम में अहंकार पर बड़ी चोट पड़ती है। जब तक प्रेमी एक-दूसरे के आगे झुकते नहीं, तब तक प्रेम सफल नहीं हो सकता। लेकिन जो मूल समस्या है, वह यह है कि प्रेमी धीरे-धीरे समझौता कर लेते हैं। समझौता यह है : तुम मुझे चोट मत पहुंचाओ, मैं तुम्हें नहीं पहुंचाऊंगा। प्रेम विवाह में बदल जाता है, यही तो विवाह है! फिर लोग व्यवस्थित हो जाते हैं। वे दर्द से इतने भयभीत हो जाते हैं कि उसमें प्रेम की बलि चढ़ा देते हैं, लेकिन जब दर्द गायब हो जाता है, तो फिर प्रेम भी गायब हो जाता है। यह आपके अहंकार की परत को तोड़ देता है, इसीलिए बहुत से लोग कभी प्रेम नहीं करते, यह बहुत दुखद है। वे प्रेम न करना चुनते हैं, लेकिन फिर वे पशुवत बने रहते हैं; वे कभी मनुष्य नहीं बनते, वे कभी ऊर्ध्व दिशा में नहीं जाते। याद रखें, प्रेम ही आदमी को मनुष्य बनाता है, वह पशुता से एक कदम ऊपर उठता है।

इसीलिए ओशो कहते हैं, 'तुम यदि क्रोध में हो, कोई चीज नष्ट करना चाहते हो या किसी किस्म की हिंसा करना चाहते हो, तो उसी क्षण एक प्रयोग करो। किसी मित्र को, पत्नी को या अपने बच्चे को प्रेम करने लगो। शुरू में तुम्हें लगेगा, यह तो अभिनय जैसा है। लेकिन तुम मन के यंत्र को नहीं समझते, तुम इसी क्षण गहरे प्रेम में उतर सकते हो।'

शख्सियत | डॉ. शंकर दयाल शर्मा

# नौवें राष्ट्रपति और स्वतंत्रता सेनानी



डॉ. शंकर दयाल शर्मा भारत के नौवें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1992 से 1997 तक सेवा की। लेकिन भारत में उनका योगदान इससे कहीं अधिक रहा है। वह एक विद्वान थे, जिनके पास शैक्षिक योग्यताओं का असाधारण पोर्टफोलियो था। वह एक पत्रकार भी थे और उन्होंने इतिहास से लेकर साहित्य, दर्शन से लेकर तुलनात्मक धर्मों और कई अन्य लेखों तक विविध विषयों पर लिखा था। इसके अतिरिक्त, वह एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी भी थे, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल थे और विभिन्न अभियानों में भाग लिया था।

शंकर दयाल शर्मा का जन्म 19 अगस्त 1918 को भोपाल, मध्य प्रदेश में पिता खुशीलाल शर्मा और माता सुभद्रा शर्मा के घर हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा विभिन्न संस्थानों से प्राप्त की। वह एक समर्पित राजनीतिज्ञ थे, उन्होंने शिक्षा, कानून, सार्वजनिक कार्य आदि सहित कई विभागों को संभाला और राष्ट्रपति बनने से पहले भारतीय राजनीति में कई उच्च पदों पर रहे। अपने जीवनकाल में उन्होंने जो सम्मान कमाया, उससे उन्हें कई सम्मान और सम्मानजनक पद मिले।

श्रृंगेरी के शंकराचार्य ने डॉ. शंकर दयाल शर्मा को 'राष्ट्ररत्नम' की उपाधि से सम्मानित किया। श्रवणबेलगोला के पोंटिफ द्वारा उन्हें 'धर्मरत्नाकर' की एक और प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई थी। कानूनी पेशे में उनके उल्लेखनीय योगदान और इसके प्रति समर्पण के लिए, उन्हें इंटरनेशनल बार एसोसिएशन की ओर से 'द लिविंग लीजेंड्स ऑफ लॉ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शर्मा ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय समझ के लिए जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार के लिए जूरी के अध्यक्ष और इंदिरा गांधी पुरस्कार के लिए अंतर्राष्ट्रीय जूरी के अध्यक्ष जैसे कई सम्मानजनक पदों पर भी काम किया।

26 दिसंबर, 1999 को नई दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से डॉ. शंकर दयाल शर्मा की मृत्यु हो गई और उनका अंतिम संस्कार विजय घाट के पास कर्म भूमि में किया गया।

जीवन ऊर्जा | मुरलीधर देवीदास आमटे : जन्म 26 दिसंबर 1914 | जन्म

# एक बेहतर जीवन के लिए हमेशा कुछ नया सीखते रहना जरूरी है

मुरलीधर देवीदास आमटे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्हें बाबा आमटे के नाम से जाना जाता है। उनका जन्म 26 दिसंबर 1914 में हुआ था। वे विशेष रूप से कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए अपने काम के लिए जाने जाते थे। उन्हें पद्म विभूषण, डॉ अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, गांधी शांति पुरस्कार, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, टेम्पलटन पुरस्कार और जमनालाल बजाज पुरस्कार सहित कई और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्हें भारत के आधुनिक गांधी के रूप में भी जाना जाता है।



एक बेहतर जीवन के लिए हमेशा कुछ नया सीखते रहना जरूरी है। हमारे जीवन में खुशियां एक प्रकार से रचनात्मक क्रिया है। यदि हम अपनी खुशियां लोगों के बीच सांझा नहीं करते, तो यह समाप्त हो जाती है। भविष्य साधारण लोगों के असाधारण दृढ संकल्प से संबंधित है। मैं एक महान नेता नही बनना चाहता हूं, मैं एक आदमी बनना चाहता हूं, जो की थोड़े से मिलने पर भी संतुष्ट हो और लोगों के टूटने पर उनकी सहायता करे, जो मनुष्य ऐसा करता है, निश्चित ही वह भगवा रंग के वस्त्रों में किसी पवित्र व्यक्ति से भी बड़ा है। यही मेरे जीवन का आदर्श है। ख़ुशी आपके अनुभवों का एक तुलनात्मक रूप है, जब आप उसकी तुलना उन पलों से करते हैं, जो आपके लिए अच्छी नहीं रही है और इस तरह आप खुश होते हैं और इसका आभार व्यक्त करते हैं, यही ख़ुशी के पल है। महान नेता बनने से कही अच्छा है जरूरतमंदों की सहायता करना, जो मै करना चाहता हूं। मैंने कुष्ट रोग को खत्म करने के लिए किसी की मदद नहीं की बल्कि लोगों के बीच में इस रोग से पैदा हुए डर को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया। आनंद कुष्ट रोग से कही अधिक संक्रामक है, जो बहुत तेजी से फैलता है। यदि आप सपने में जी रहे हैं, तो यह आपके प्रगति के रुकावट का कारण बनता है। एक कुशल कप्तान कभी भी डूबते हुए जहाज का साथ नहीं छोड़ता है, ऐसे देश को भी डूबने से बचाने के लिए बहादुर नाविकों को उभरने चाहिए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# दानें-दानें पर लिखा है खाने वाले का नाम

एक सेठ जी कृष्ण जी के भक्त थे। निरंतर उनका जाप करते थे। वो रोज स्वादिष्ट पकवान बनाकर कृष्ण जी के मंदिर के लिए निकलते थे। पर रास्तें में ही उसे नींद आ जाती और उसके पकवान चोरी हो जाते। वह बहुत दुखी होता और कान्हा से शिकायत करते हुये कहता- हे कान्हा ऐसा क्यूँ होता हैं। मैं आपको भोग क्यों नही लगा पाता हूँ। कान्हा कहते है-वत्स दानें-दानें पे लिखा हैं खाने वाले का नाम। वो मेरे नसीब में नही हैं। इसलिए मुझ तक नही पहुंचता। सेठ थोड़ा गुस्सें से कहता हैं- ऐसा नही हैं प्रभु कल मैं आपको भोग लगाकर ही रहूंगा। आप देख लेना और सेठ चला जाता हैं। दूसरे दिन सेठ सुबह-सुबह जल्दी नहा धोकर तैयार हो जाता हैं और अपनी पत्नी से चार डब्बें भर बढिया-बढिया स्वादिष्ट पकवान बनाता हैं। और उसे लेकर मंदिर के लिए निकल पड़ता हैं और रास्तें भर सोचता हैं आज जो भी हो जाए सोऊगा नही कान्हा को भोग लगाकर रहूंगा। मंदिर के रास्तें में ही उसे एक भूखा बच्चा दिखाई देता हैं।

और वो सेठ के पास आकर हाथ फैलातें हुये कुछ देने की गुहार लगाता हैं। सेठ उसे ऊपर से नीचे तक देखता हैं। एक 5-6 साल का बच्चा हड्डियों का ढाँचा उसे उस पर तरस आ जाता हैं और वो एक लड्डू निकाल के उस बच्चें को दे देता हैं। जैसे ही वह उस बच्चें को लड्डू देता हैं बहुत से बच्चों की भीड लग जाती हैं। ना जाने कितने दिनो के भूखे बच्चे सेठ को उन पर करूणा आ जाती है। उन सब को पकवान बाँटने लगता हैं। देखते ही देखते वो सारे पकवान बाँट देता हैं। फिर उसे याद आता हैं आज तो मैंने कृष्णा को भोग लगाने का वादा किया था। पर मंदिर पहुंचने से पहले ही मैंने भोग खत्म कर दिया। अधूरा सा मन लेकर वह मंदिर पहुँच जाता हैं और कान्हा की मूर्ति के सामने हाथ जोड़े बैठ जाता हैं। कान्हा प्रकट होते हैं और सेठ को कहते हैं लाओ जल्दी लाओ मेरा भोग मुझे बहुत भूख लगी हैं । मुझे पकवान खिलाओं। सेठ सारा क्रम कान्हा को बता देता हैं। कान्हा मुस्कुराते हुये कहते हैं - मैंने तुमसे कहा था ना दानें-दानें पर लिखा हैं खानें वाले का नाम। जिसका नाम था उसने खा लिया, तुम क्यू व्यर्थ चिंता करते हो। सेठ कहता हैं प्रभु मैंने बड़े अंहकार से कहा था। आज आपको भोग लगाऊंगा पर मुझे उन बच्चों की दशा देखी नही गयी और मैं सब भूल गया। कान्हा फिर मुस्कुराते हुए कहते हैं चलो आओ मेरे साथ और वो सेठ को उन बच्चों के पास ले जाते हैं जहाँ सेठ ने उन्हें खाना खिलाया था।

सेठ से कहते हैं जरा देखो कुछ नजर आ रहा हैं। सेठ की ऑखों से ऑसूओं का सैलाब बहने लगता हैं। स्वंय बाँकेबिहारी लाल उन भूखे बच्चों के बीच में खाना के लिए लड़ते नजर आते हैं। कान्हा कहते हैं वही वो पहला बच्चा हैं, जिसकी तुमने भूख मिटाई। मैं हर जीव में हूँ अलग-अलग भेष में, अलग-अलग कलाकारी में। अगर तुम्हें लगें मैं ये काम इसके लिए कर रहा था पर वो दूसरे के लिए हो जाए तो उसे मेरी ही इच्छा समझना। क्यूकि मैं तो हर कही हूँ।

बस दानें नसीब की जगह से खाता हूँ, जिस-जिस जगह नसीब का दाना हो। वहाँ पहुँच जाता हूं, फिर इसको तुम क्या कोई भी नही रोक सकता। क्यूकि नसीब का दाना नसीब वाले तक कैसे भी पहुँच जाता हैं चाहें तुम उसे देना चाहों या ना देना चाहों अगर उसके नसीब का हैं तो उसे प्राप्त जरूर होगा। सेठ कान्हा के चरणों में गिर पड़ा और कहता हैं आपकी माया आप ही जानें प्रभु। मुस्कुराते हैं और कहते हैं कल मेरा भोग मुझे ही देना दूसरों को नही। प्रभु और भक्त हंसने लगते हैं। उसकी हर इच्छा में उनका धन्यवाद करें।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सक्सेस मंत्र

# सफलता की राह में रोड़ा है दुविधा, इसे खत्म करें

कुछ लोगों का मन बार-बार इधर इधर-उधर भटकता रहता है। इसे आप बार-बार मूड बदलना भी कह सकते हैं। माना जाता है कि यह समस्या आत्मविश्वास में कमी के कारण होती है। कई बार यह समस्या इतनी कठिन हो जाती है कि दुविधा ही सफलता की राह में असली बाधा बन जाती है। ऐसे में सफल होने के लिए जरूरी है आप सबसे पहले अपने अंदर की दुविधा को खत्म कर दें। दुविधा को खत्म करने के लिए यहां टिप्स स्वरूप कुछ मंत्र दे रहे हैं जिन्हें अपनाकर अपनी दुविधा को खत्म कर सकते हैं-

**फैसले पर अडिग रहें :** जब आपके पास किसी काम को लेकर एक या एक से अधिक अवसर तों सबसे पहले यह सोचें कि कौन सा ऑप्शन आपके लिए बेहतर है और इसे आप क्यों करना चाहते हैं। इसके बाद आप जिस काम को करें उस पर अफसोस न करें, बल्कि यह सोचे की आपने वह किसी जिसके बारे में फैसला किया चाहे फायदा हो या नुकसान।

**खुद से सवाल करें :** दुविधा होने पर खुद से सवाल करें कि वह किसी काम को क्यों नहीं कर पाएंगे या उसमें क्या समस्या आएगी। इसके बाद जब आपको लगे कि दुविधा का यह डर स्थाई नहीं है तब एकाग्रता और लगन के साथ अपने काम में जुट जाएं।

**सत्य पर अटल रहें :** सत्य की राह पर चुनौती से न डरें। यदि कोई काम करने जा रहे हैं और उस आने वाली बाधाओं को सोचकर डर लग रहा है तो यह देखें कि जो आप करने जा रहें वह सत्य और न्यायसंगत है। यदि ऐसा है तो आप राह की बाधाओं से कदापि न डरें।

**समस्या के आगे का प्लान बनाएं :** यदि समस्या का समाधान सोचने पर न निकल रहा हो तो आप आगे तो करना चाहते हैं उसके बारे में प्लान बनाएं और उस प्लान को दृढ़ता से अमल करें।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

## वज्रेश्वरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 97 आवश्यक वस्तुओं का दान

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत वज्रेश्वरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 97 आवश्यक स्वास्थ्य सामग्रियों का दान दिया गया। यह योगदान मेकिंग द डिफरेंस एनजीओ और पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के सीएसआर फंड से किया गया।




### 35 लाख रुपये की लागत से मिला सहयोग

इस परियोजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मल्टीपारा मॉनिटर, आईसीयू बेड, स्ट्रेचर, बेबी वार्मर, मेडिसिन ट्रॉली, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑपरेशन उपकरण सहित कुल 97 उपयोगी वस्तुएं प्रदान की गईं। इन सभी वस्तुओं की कुल लागत 35 लाख रुपये है।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष प्रयास

वज्रेश्वरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 27 गांव, 53 पाड़ा और 16 ग्राम पंचायतों के 38,242 ग्रामीणों को सेवा प्रदान करता है। इस क्षेत्र में सांप के काटने, सड़क दुर्घटनाओं और प्रसव जैसी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह सहायता बेहद उपयोगी साबित होगी।

### उद्घाटन और सराहना

इस पहल का उद्घाटन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के हाथों किया गया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सहायता के लिए एनजीओ और कंपनी का आभार व्यक्त किया और अन्य संगठनों को भी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की प्रगति के लिए सहयोग करने की अपील की।

### मुख्य अतिथियों की उपस्थिति

इस मौके पर वज्रेश्वरी ग्राम पंचायत के सरपंच रमेश जाधव, गणेशपुरी सरपंच संदीप खिराडे, मेकिंग द डिफरेंस के संस्थापक दीपक विश्वकर्मा, पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड की प्रिया हरियानी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रुति मांचीकटला सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### विशेष उपस्थिति और स्वास्थ्य गीत प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मी प्रभाकर भेरे और आशा ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए सुंदर मजा दवाखाना गीत प्रस्तुत किया।

### आगे का संदेश

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अन्य संगठनों से भी योगदान देने की अपील की। इस तरह की पहल न केवल स्वास्थ्य केंद्रों की क्षमता बढ़ाती है, बल्कि जरूरतमंद ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करती है।

# भिवंडी तालुका के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं में राहत

**परियोजना संजीवनी के तहत 35 लाख के उपकरण दान**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के तहत ₹प्रोजेक्ट संजीवनी₹ के माध्यम से वज्रेश्वरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 35 लाख रुपये मूल्य के अस्पताल उपकरण प्रदान किए। इस दान में कई अत्याधुनिक और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपकरण शामिल हैं।

### सामाजिक संगठन से अपील

कार्यक्रम में सभी संगठनों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए योगदान देने की अपील की गई। यह पहल न केवल मरीजों के लिए राहत लेकर आएगी, बल्कि स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता को भी बढ़ाएगी।



### स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

वज्रेश्वरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जो भिवंडी तालुका के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में कार्य करता है, स्थानीय गरीब और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए एकमात्र नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा केंद्र है। इस केंद्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मशीनी उपकरण, दवाएं रखने के लिए डीप फ्रीजर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मल्टीपारा मॉनिटर और ऑपरेशन के लिए आवश्यक अन्य उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

### गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ रोहन घुगे, पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड की मुख्य अनुपालन अधिकारी प्रिया हरियाणी, मानव संसाधन प्रबंधक संजना जाधव, और मेकिंग द डिफरेंस चैरिटेबल ट्रस्ट की उपाध्यक्ष द्विति मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमिका

भिवंडी तालुका के ग्रामीणों और आदिवासियों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र जीवन रेखा साबित हो रहा है। यहां दुर्घटनाओं, सांप के काटने, और प्रसव जैसी आपातकालीन स्थितियों में इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। संजीवनी परियोजना के तहत दिए गए उपकरण इन सेवाओं को और अधिक कुशल बनाएंगे।

### मेकिंग द डिफरेंस के संस्थापक का बयान

मेकिंग द डिफरेंस चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक दीपक विश्वकर्मा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि परियोजना संजीवनी के अंतर्गत देश के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी जरूरत के अनुसार उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

# मुंबई और ठाणे में चलेगी केबल टैक्सी

**राज्य के नए परिवहन मंत्री ने दिए इसके संकेत**

**शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में होगा काफी सुधार**

**15 से 20 सीटर टैक्सी चलाने की योजना बनाई**

**मुंबई/ठाणे :** अगर सबकुछ ठीक रहा तो देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और इससे लगे हुए ठाणे को केबल टैक्सी की सौगात मिलेगी। महाराष्ट्र के नए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद इसके संकेत दिए हैं। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना से मंत्री बने प्रताप सरनाईक ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि दोनों शहरों के लोगों ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के सभी विकल्पों का काम किया जाएगा। सरनाईक ने कहा कि इसमें जिसमें केबल टैक्सी भी शामिल है। प्रताप सरनाईक ने जिस तरह से कार्यभार संभालते ही केबल टैक्सी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इससे उनके ड्रीम प्रोजेक्ट के तौर देखा जा रहा है।

### अभी यूरोपीय देशों में सुविधा



अभी केबल टैक्सी की सुविधा यूरोपीय देशों में है। अगर प्रताप सरनाईक के ऐलान के अनुसार काम आगे बढ़ता है तो मुंबई और ठाणे को नया परिहवन का साधन मिल सकता है। परिवहन मंत्री कार्यभार संभालने के बाद सरनाईक ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में परिवहन की दृष्टि केबल टैक्सी एक लोकप्रिय हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल महाराष्ट्र में कहीं भी केबल टैक्सी नहीं है।

### क्या है सरनाईक की योजना

सरनाईक ने कहा कि अगर हम 15 सीटर या 20 सीटर केबल टैक्सी चला दें, तो हमें ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिल जाएगी. उन्होंने कहा कि हम मेट्रो चला सकते हैं तो केबल टैक्सी चलाने में कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हमें 'रोप वे' को बनाने में ज्यादा जमीन नहीं लगेगी। प्रताप सरनाईक ने यह भी कहा कि केबल टैक्सियों को महाराष्ट्र परिवहन विभाग के तहत चलाया जाएगा, इसलिए सिस्टम ठीक से काम करेगा। सरनाईक से पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी केबल टैक्सी को परिवहन का अच्छा साधन बता चुके हैं। केबल टैक्सी को पॉड टैक्सी भी कहा जाता है। केबल टैक्सी बिजली और सोलर से चलती हैं। ये काफी इकोफ्रेंडली टांसपोर्ट का साधन है।

# एमबीबीएस अभ्यर्थी को दी राहत

**बॉम्बे हाई कोर्ट का अहम आदेश**

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स के लिए अतिरिक्त सीट के माध्यम से प्रवेश से वंचित एक अभ्यर्थी को राहत दी। अदालत ने सिंधुदुर्ग शिक्षण प्रसारक मंडल (एसएसपीएम) मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिया कि वह संस्थागत स्ट्रे वैकेंसी राउंड के तहत छात्रा के लिए एक अतिरिक्त सीट बनाकर उसे एमबीबीएस कोर्स के पहले वर्ष में प्रवेश दे।

### मामला और कोर्ट का आदेश



न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने छात्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की जाति स्थिति कभी भी सवालों के घेरे में नहीं थी। उसे केवल तकनीकी आधार पर प्रवेश से वंचित किया गया था, जबकि उसकी कोई गलती नहीं थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि न्याय का सिद्धांत ऐसे मामलों में राहत देने की मांग करता है।

### छात्रा की पात्रता

यह छात्रा 26 जुलाई 2024 को घोषित राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (NEET) UG परिणाम के आधार पर पात्र थी। उसने कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन किया था और उसका नाम सामान्य प्रतीक्षा सूची में था। छात्रा ने जाति प्रमाण पत्र और जाति वैधता प्रमाण पत्र दोनों प्रस्तुत किए थे, जिसमें वह ओबीसी जाति से संबंधित थी। लेकिन, उसे प्रवेश से वंचित कर दिया गया क्योंकि जाति प्रमाण पत्र की तिथि जाति वैधता प्रमाण पत्र की तिथि से मेल नहीं खा रही थी।

# महापौर निवास में बालासाहेब ठाकरे राष्ट्रीय स्मारक का पहला चरण सफलतापूर्वक हुआ पूरा



दीपक पवार | मुंबई

बालासाहेब ठाकरे इंटरनेशनल मेमोरियल का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इस परियोजना के पहले चरण के कार्य के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को ठेकेदार के रूप में और आभा नरेन लांबा एसोसिएट्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। इस चरण में महापौर निवास भवन की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित कर संग्रहालय में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रवेश भवन, प्रशासनिक भवन और व्याख्या केंद्र का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

### पहले चरण की लागत और निर्माण कार्य

इस परियोजना के पहले चरण की कुल लागत 180.99 करोड़ थी। चरण-1 के तहत महापौर निवास भवन का नवीनीकरण किया गया और सांस्कृतिक भंडार को संरक्षित किया गया। आंतरिक और बाहरी वास्तुशिल्प और विद्युत कार्यों को पूरा करके इमारत को इसके पूर्व गौरव के साथ सुशोभित किया गया है। इस चरण में एक इंटरप्रिटेशन सेंटर का भी निर्माण किया गया, जिसका क्षेत्रफल लगभग 1530.44 वर्ग मीटर है। यह केंद्र भूमिगत रूप में स्थित है, जिसमें कलाकारों की गैलरी, संग्रहालय, पुस्तकालय, शौचालय और रखरखाव कक्ष हैं।

### प्रवेश और प्रशासनिक भवन

प्रवेश भवन का क्षेत्रफल लगभग 3099.84 वर्ग मीटर है, जिसमें एक बहुउद्देशीय सभागार, सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, भूमिगत पार्किंग (27 वाहन) और दो अलग-अलग वाहन लिफ्ट शामिल हैं। इसके साथ ही 639.70 वर्ग मीटर का प्रशासनिक भवन भी बनाया गया है, जिसमें कैंटीन, कलाकारों की गैलरी, विश्राम कक्ष और ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव के कार्यालय हैं।

### चरण-2 का विकास

भविष्य में चरण 2 में महापौर निवास भवन की छत का निर्माण आधुनिक मैंगलोर कौल शैली में किया जाएगा। इस चरण के सफल निष्पादन के लिए आभा नरेन लांबा एसोसिएट्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है, और ठेकेदार की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

### बाह्य विकास कार्य

महापौर आवास एवं अन्य संबंधित भवनों के अलावा 3.00 एकड़ क्षेत्र में उद्यान बनाकर सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र सुंदर और आकर्षक बन गया है।

# भुसावल मंडल ने सम्पूर्ण दक्षता शील्ड जीती

डीबीडी संवाददाता | भुसावल




मध्य रेल के महाप्रबंधक धरम वीर मीना ने दिनांक 24.12.2024 को यशवंतराव चव्हाण केंद्र सभागार में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह (विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार ) कार्यक्रम में भुसावल मंडल को सम्पूर्ण दक्षता शील्ड प्रदान की है। शील्ड विजेता भुसावल मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय द्वारा प्राप्त की गईं. इसमें मंडल के सभी विभाग द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्पूर्ण दक्षता शील्ड प्राप्त हुई है। यह भुसावळ मंडल के लिए गर्व का क्षण था । ये पुरस्कार परिचालन और प्रशासनिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में भुसावल मंडल के कर्मचारियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और अभिनव दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित शाखा प्रमुखों के साथ निम्नलिखित 7 शील्ड्स प्राप्त की।

1. संरक्षा शील्ड
2. विद्युत शील्ड
3. सिग्नल और टेलिकॉम शील्ड
4. कार्मिक शील्ड
5. सुरक्षा शील्ड
6. स्टोर शील्ड (भुसावल और पुणे के साथ संयुक्त रूप से)
7. पर्यावरण और स्वच्छता शील्ड (सोलापूर और भुसावळ के साथ संयुक्त रूप से))

वर्ष 2024 के लिए भुसावळ मंडल के 4 अधिकारियों और 12 कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हैं और दूसरों को अपने दैनिक कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करने हेतु उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं।

# बिक्री इकाई के घरों को बेचने के विकल्प के लिए म्हाडा ने की एजेंसी की नियुक्ति

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वर्ली, नायगांव और एन.एम. जोशी मार्ग पर स्थित बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के लिए म्हाडा ने सीबीआरई रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कंपनी को एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। यह एजेंसी म्हाडा को इन क्षेत्रों में उपलब्ध घरों या जमीन को बेचने के वित्तीय विकल्पों पर सलाह देगी।




### परियोजना की पृष्ठभूमि

बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के तहत म्हाडा को कई एकड़ जमीन उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग आवासीय निर्माण और पुनर्वास भवनों के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार ने म्हाडा को इस परियोजना का नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। इसके तहत नायगांव में एलएंडटी द्वारा पुनर्विकास का कार्य चल रहा है, वहीं वर्ली बीडीडी का काम टाटा कंपनी और एन.एम. जोशी मार्ग पर बीडीडी चॉल का काम शाहपुरजी और पालनजी द्वारा किया जा रहा है। इन परियोजनाओं में पुनर्वास भवनों के निर्माण के साथ-साथ विक्रय इकाई आवासों का भी निर्माण किया जाएगा।

### सीबीआरई की भूमिका

सीबीआरई कंपनी म्हाडा को सलाह देगी कि कैसे बीडीडी के पुनर्विकास के जरिए उपलब्ध घरों या भूमि को बेचा जा सकता है और परियोजना के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटाए जा सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनी निजी कंपनियों के साथ बातचीत करेगी और विभिन्न विकल्पों का प्रस्ताव देगी, जिससे परियोजना की गति और सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

### विक्री इकाई की योजना और सलाहकार का चयन

म्हाडा ने बिक्री इकाई के लिए घरों को बेचने की योजना बनाई है ताकि परियोजना की लागत को पूरा किया जा सके। इसके लिए पहले एक रियल एस्टेट सलाहकार नियुक्त किया गया था, लेकिन उस कंपनी से कोई सहयोग नहीं मिला। अब सीबीआरई को इस कार्य के लिए चुना गया है, जो परियोजना के लिए धन जुटाने के विकल्पों पर काम करेगी।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

**वृष** — शत्रु परास्त होंगे। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त हो सकती है। रोजगार मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार करके मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

**कर्क** — व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा।

**सिंह** — फालतू खर्च होगा। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए।

**कन्या** — पुराना रोग उभर सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

**तुला** — नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।

**धनु** — कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवाद न करें। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**मकर** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**मीन** — वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

# मंगल- गुरु युति के प्रभाव

भाग-4





प्रियंका जैन
9769994439

### गुरु और मंगल युति सप्तम भाव में:-

7 वां भाव, जिसे युवती भाव भी कहा जाता है, साझेदारी का भाव है। सभी प्रकार की साझेदारी, व्यक्तिगत और साथ ही पेशेवर 7 वें भाव का एक हिस्सा हैं। यह सभी रिश्तों के उज्ज्वल और अंधेरे पक्ष को भी दर्शाता है। यह जीवनसाथी का भाव भी है। इस प्रकार, 7 वें भाव में गुरु और मंगल की युति से, जातक को बहुत ही आकर्षक, सुंदर और भावुक जीवन साथी मिलता है। वे लंबे और सुखी जीवन में भी साथ रहते हैं। इस युति के परिणामस्वरूप, जातक एक उदार और आधुनिक व्यक्तित्व बनकर सामने आते हैं। वे एक मधुर स्वर और प्रेरक प्रकृति के होते हैं। मीठी आवाज के साथ-साथ, इन जातकों में एक तेज दिमाग, कूटनीतिक क्षमता होती है। वे ज्ञान के साधक बनते हैं और इसके कारण वे सरकारी क्षेत्रों में अच्छे पदों को प्राप्त करते हैं। उनके पास कई प्राकृतिक कौशल और अच्छा स्वास्थ्य होता है। हालांकि, वे अपने आगे के जीवन में बाद में उच्च रक्तचाप से पीड़ित हो सकते हैं।

### गुरु और मंगल युति अष्टम भाव में:-

इसके अलावा, आप विभिन्न घरों में राहु के प्रभाव को पढ़ना पसंद कर सकते हैं, 8 वां भाव अचानक होने वाली घटनाओं का भाव है। जीवन, मृत्यु, दीर्घायु, अचानक लाभ, अचानक हानि 8 वें भाव के तहत आती है। इसे रंध्र भाव भी कहा जाता है। इस भाव में संयोजन के परिणामस्वरूप, जातक एक सीधा व्यक्तित्व प्राप्त करते हैं। वे धनी और लोकप्रिय हों सकते हैं। हालाँकि, वे बुरे और लालची कामों में शामिल हो सकते हैं। ऐसे जातकों की शब्दों पर अच्छी कमान होती है और उन्हें पता होता है कि उन्हें कब और कैसे शब्दों को हथियार के रूप में उपयोग करना है। यह संयोजन यहां पैतृक संपत्ति की विरासत प्रदान करता है। बहरहाल, जातक के अपने अपने भाई-बहनों के साथ समबन्ध अच्छे नहीं होते। ऐसे जातक रोमांटिक होंगे। हालांकि ऐसे ग्रह स्थिति वाले पुरुष जातक विवाहेतर संबंध होने की सबसे अधिक संभावना है।

### गुरु और मंगल युति नवम भाव में:-

9 वां भाव धर्म और आध्यात्मिक शिक्षा का प्रभुत्व करता है। इसे धर्म भाव भी कहा जाता है। यह भाव उच्च शिक्षा, धार्मिक प्रवृत्ति, आव्रजन, अच्छे कार्यों के प्रति झुकाव और दान पर शासन करता है। इस प्रकार, कई अच्छे गुणों के साथ, जातक बहुत अच्छा भाग्य प्राप्त करते हैं। वे शक्तिशाली, उदार और कठोर होंगे, और उनमे अहंकार होगा। जैसा कि यह धर्म का घर है, जातक आध्यात्मिक शिक्षक बन सकते हैं। वास्तव में, वे अपने धार्मिक ज्ञान और भाषणों के लिए बहुत लोकप्रिय हो सकते हैं। कई गुणों के साथ, उनके पास दार्शनिक ज्ञान और तार्किक रणनीति होगी। वे अच्छा धन अर्जित करेंगे। साथ ही ऐसे लोग मंत्री भी बन सकते हैं। वे शक्तिशाली परिवारों में भी जन्म ले सकते हैं जहाँ उनके पिता एक राजनेता या व्यावसायी हो सकते हैं। 9 वें भाव में गुरु और मंगल युति से उन्हें विभिन्न विषयों की समझ प्राप्त होगी। वे चतुर होंगे। इसके अतिरिक्त, ये जातक विदेश यात्रा से लाभ उठा सकते हैं।

क्रमशः

## खबर संक्षेप

### पूर्व पीएम अटल जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**लखनऊ।** नगर निगम की तरफ से कुड़ियाघाट पर बनाई गई अटल जी की प्रतिमा का बुधवार सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। प्रतिमा बनाने वाले अमर पाल सिंह का भी सम्मान किया गया। स्थानीय विधायक डॉ नीरज बोरा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि अटल जी की पहली रचना इसी घाट पर संपन्न हुई थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी को अटल संकल्प की शपथ दिलाई कि अन्न, जल और वायु हम जहां से प्राप्त करते हैं। उस मातृभूमि को अपनी मां के समान मानेंगे। हम खुद से ऊपर मातृभूमि को रखेंगे। कार्यक्रम के बाद सहभोज भी हुआ।

### पटना पुलिस ने BPSC अभ्यर्थियों पर किया लाठीचार्ज

**पटना।** BPSC के अभ्यर्थियों पर पटना पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने की घटना से हड़कंप मच गया है। कार्यालय का घेराव करने पहुंचे छात्रों को पुलिस ने बुरी तरह से पीटा और उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से मारा। यह घटना 70वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण हुई, जिसमें अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे। पटना के गर्दनीबाग में पिछले एक सप्ताह से धरने पर बैठे इन अभ्यर्थियों का संघर्ष अब और तीव्र हो गया है, और इस प्रदर्शन में कई राजनेताओं ने भी इनका समर्थन किया है।

### दुष्कर्म पीड़िता की गुजरात में इलाज के दौरान मौत



**पलामू।** झारखंड की दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बच्ची की गुजरात में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व पूर्व मंत्री बैजनाथ राम भी नाबालिग मृत बच्ची के घर पहुंचेंगे। इसके अलावा पलामू के आला अधिकारी भी वहां मौजूद रहेंगे। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले ही गुजरात के भरूच में पलामू की बच्ची के साथ उनके पड़ोसी ने दुष्कर्म किया था। जिसके बाद हेमंत सोरेन के निर्देश पर तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी।

फॉलो अप

# आतंकियों का CCTV फुटेज आया सामने

## इस होटल में ठहरे थे तीनों, साथ में दिखा चौथा शख्स

एजेंसी | पीलीभीत

पीलीभीत के पूरनपुर में खालिस्तान समर्थक आतंकियों के तार तलाशने में जुटी पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। बुधवार को पुलिस की 10 से अधिक टीमों ने पूरनपुर के होटलों को खंगाला। फोर्स के साथ एसपी अविनाश पांडेय खुद सड़क पर उतरे। आतंकियों की तस्वीर दिखाकर लोगों से जानकारी की। जांच में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकी होटल हर जी में रुके थे। तीनों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तीनों आतंकी होटल में जाते दिख रहे हैं। इनके साथ एक अन्य शख्स भी है। वह कौन है, इसका पता नहीं चला है। इस होटल के बाहर पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है। पुलिस की जांच जारी है।



### 23 दिसंबर की सुबह हुई थी मुठभेड़

पूरनपुर क्षेत्र में 23 दिसंबर की सुबह मुठभेड़ में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकी वरिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह और जसनप्रीत सिंह मारे गए थे। आतंकियों के पास से दो मॉडीफाइड एके-47, दो ग्लॉक पिस्टल (ऑस्ट्रिया निर्मित), काफी संख्या में कारतूस के अलावा तीन मोबाइल फोन भी मिले थे। तीनों पंजाब में गुरदासपुर जिले के रहने वाले थे। उन पर कलानौर थाने की बख्शीवाल चौकी पर हमला करने का आरोप था। वहां वारदात को अंजाम देकर तीनों आतंकी पूरनपुर आए। पुलिस जांच के मुताबिक तीनों यहां होटल में रुके थे। अब पुलिस तीनों आतंकियों का स्थानीय कनेक्शन पता करने में जुटी है।

### तीनों आतंकियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पूरनपुर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी की ओर से आतंकी शहूर खुर्द कलानौर गुरदासपुर निवासी प्रताप सिंह उर्फ जसनप्रीत सिंह, आगवान गुरदासपुर निवासी वरिंदर सिंह उर्फ रवि, वादिया मोहल्ला कलानौर गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेचना बीसलपुर कोतवाल संजीव शुक्ला को सौंपी गई है। बीसलपुर इंस्पेक्टर ने पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर अभिलेख कब्जे में लिए हैं। मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के शवों का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। दोपहर करीब 2:30 बजे शुरू हुआ पोस्टमॉर्टम देर शाम तक चला। इस दौरान पोस्टमॉर्टम हाउस पर पुलिस का पहरा रहा। पीलीभीत और पंजाब की पुलिस मौजूद रही। पोस्टमॉर्टम के बाद पंजाब पुलिस की निगरानी में परिजन तीनों के शव लेकर रवाना हो गए।

# यूपी में दो दिन बाद फिर से बिगड़ेगा मौसम

### 27 दिसंबर के बाद ओले पड़ने के आसार



एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में दो दिन बाद फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 व 28 दिसंबर को पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में बादल छाने के साथ बारिश की संभावना है। इस बीच तराई इलाकों समेत आगरा आदि में ओले गिरने के आसार हैं।

### 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना जताई गई

वहीं, मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 व 28 दिसंबर को प्रदेश विभिन्न इलाकों में गरज चमक के साथ हल्के से मध्यम बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच तराई इलाकों के साथ ही आगरा आदि में ओले गिरने के आसार हैं। चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशी नगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा होने की संभावना है।

# सासाराम के बाल सुधार गृह से 8 बच्चे फरार

### रोहतास पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**सासाराम।** बिहार के सासाराम से बड़ी खबर आ रही है, जहां पर आठ विधि विरुद्ध बालक बाल सुधार गृह की चहारदीवारी कूद कर फरार हो गए। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची आसपास के कई थानों की पुलिस ने आनन-फानन में आसपास के इलाकों की नाकेबंदी कर बच्चों की खोजबीन के लिए छापेमारी शुरू कर दी। हालांकि रोहतास पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सभी फरार बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। इसके बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### रात में गिनती के दौरान कम मिले बाल अपराधी



एसपी ने बताया कि रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाढ़ी गांव में स्थित बाल सुधार गृह में दुष्कर्म, हत्या, चोरी जैसे संगीन मामलों के बालकों को रखा गया है। जिसमें से ज्यादातर रोहतास जिले के ही रहने वाले हैं। मंगलवार रात को जब बच्चों की गिनती होने लगी तो 8 बालक गायब मिले।

### बाल अपराधी कैसे हुए फरार ?

बाल सुधार गृह में मौजूद आठ बाल अपराधियों ने योजना बनाकर फरार होने की साजिश रची। इसके बाद बच्चों ने सबसे पहले बाथरूम के दरवाजे को तोड़ा। फिर खिड़की के ग्रिल में मजबूत और लंबा कपड़ा बांधकर सभी बाहर निकल गए। घटना के बाद से सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और बाल सुधार गृह की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। घटना के पीछे सुधार गृह की सुरक्षा में हुई चूक की जांच की जा रही है।

# लखनऊ में बैंक लूट का एक और आरोपी गाजीपुर से गिरफ्तार

### पुलिस की छह टीमें कर रही थीं तलाश

एजेंसी | गाजीपुर

राजधानी लखनऊ के चिनहट स्थित इंडियन ओवर सीज बैंक में हुई लूट के मामले में पुलिस ने फरार एक और आरोपी को गाजीपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम विपिन है। जखनिया पुलिस उसे जल्द अदालत में पेश करेगी। बता दें कि अभी तक पुलिस की कार्रवाई में चार बदमाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दो मुठभेड़ में मारे गए हैं। बिहार निवासी मिथुन कुमार और सीतापुर निवासी विपिन फरार चल रहा था जिसमें से विपिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में छह टीमें लगाई गई हैं। इसके पहले बैंक के लॉकरों को तोड़कर करोड़ों की चोरी में शामिल बदमाश सन्नी दयाल को भी गाजीपुर में ही मंगलवार सुबह चार बजे पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था तब मौके पर मौजूद रहा विपिन भागने में कामयाब हो गया था। विपिन ही पूरी वारदात का साजिशकर्ता है। दोनों बिहार भागने की फिराक में थे। उन पर 25 हजार का इनाम घोषित है। वहीं, इसके पहले सोमवार को रात 12:30 बजे लखनऊ में हुई मुठभेड़ में बदमाश सोविंद कुमार को मारा गया था।

### पुलिस पर चलाई थी आठ राउंड गोलियां, जवाबी कार्रवाई में मारा गया



बैंक के 42 लॉकर तोड़कर करोड़ों का माल लेकर भागने के आरोपी सोविंद और उसके साथी ने पुलिस टीम पर आठ राउंड गोलियां चलाई थीं। जलसेतु तिराहे पर सोमवार रात पुलिस टीम ने शक के आधार पर एक कार को चेकिंग के लिए रोका था। पुलिस के मुताबिक कार सोविंद का साथी चला रहा था। पुलिस को देखते ही आरोपी तेजी से कार लेकर भागने लगा। इसी बीच गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। स्वाट टीम के प्रभारी शिवानंद मिश्रा के मुताबिक इससे पहले कि पुलिस आरोपियों के पास पहुंचती, सोविंद ने फायरिंग शुरू कर दी। यह देखकर उसके साथी ने भी गोलियां चलाईं।

आरोपियों के हमले में स्वाट टीम प्रभारी और चिनहट थाना प्रभारी बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में सोविंद के सीने में गोली लगी थी। उधर, सोविंद को साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला था। पुलिस ने सोविंद को चिनहट सीएचसी भिजवाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### एक गोली सीने पर लगी और दूसरी आरपार हो गई

मुठभेड़ में मारे गए बदमाश सोविंद कुमार का मंगलवार शाम डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराते हुए पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में सोविंद के दाहिने सीने पर एक गोली लगी जो पीठ में फंसी मिली। दूसरी गोली बांए तरफ सीने के पास लगी तो आरपार हो गई।

## बीएस कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर समेत 4 की सड़क हादसे में मौत




**लोहरदगा।** लोहरदगा में दो अलग-अलग सड़क हादसे में चार की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की है। पहली घटना भंडरा थाना क्षेत्र के कोटा के पास की है। इस दुर्घटना में बीएस कालेज के पूर्व प्रोफेसर गोस्सनर कुजूर, उनके बेटे और साला की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक वह अपनी कार से कहीं जा रहे थे, इस दौरान उनकी एक्सयूवी कार एक गड्ढे में गिर गयी। दूसरी, घटना लोहरदगा के हेसल थाना क्षेत्र की है। यहां ट्रक और स्कार्पियो में जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें स्कॉर्पियो चालक बाघा निवासी हीरानाथ शाह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाघा निवासी अशोक उरांव, दीपक उरांव और नीरज उरांव समेत अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

## व्यापार जगत

### इंडियन ऑयल ओडिशा में लगाएगी नेफ्था परियोजना




**भुवनेश्वर।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ओडिशा के पारादीप में नेफ्था क्रैकर परियोजना लगाने के लिए 61,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस परियोजना के लिए जनवरी में 'उत्कर्ष ओडिशा - मेक इन ओडिशा-2025' शिखर सम्मेलन के दौरान ओडिशा सरकार और इंडियन ऑयल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उसी समय ओडिशा के भद्रक में आईओसी की आगामी 4,352 करोड़ रुपये की यार्न परियोजना की आधारशिला भी रखी जाएगी।

# अक्टूबर में ईपीएफओ से जुड़े 13.41 लाख सदस्य

### 7.50 लाख युवाओं ने पहली बार शुरू की नौकरी

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से 13.41 लाख नए कर्मचारी जुड़े, जिनमें 7.50 लाख ऐसे कर्मचारी हैं जिन्होंने पहली बार नौकरी प्राप्त की। इस अवधि में 18-25 आयु वर्ग के 5.43 लाख नए सदस्य जोड़े गए।

### महिला कर्मचारियों की भागीदारी




अक्टूबर में जोड़े गए नए सदस्यों में 2.09 लाख महिला सदस्य भी शामिल रहीं, जो महिला कार्यबल की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। पिछले वर्ष की तुलना में, अक्टूबर 2023 की तुलना में इस वर्ष 2.12% अधिक सदस्य ईपीएफओ से जुड़े।

### क्षेत्र वार योगदान

सड़क मोटर परिवहन, निजी क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कंपनियां, राष्ट्रीयकृत बैंकों के अतिरिक्त अन्य बैंक और संस्थानों ने कुल सदस्यता में 42.29% वृद्धि की।

### शीर्ष योगदानकर्ता राज्य

सदस्यों को जोड़ने में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और गुजरात शीर्ष स्थान पर रहे, जिन्होंने कुल सदस्यता के 61.32% नए कर्मचारी जोड़े। महाराष्ट्र ने सबसे अधिक योगदान दिया, जो कुल संख्या का 22.18% है।

### ओला इलेक्ट्रिक के देशभर में 4,000 स्टोर हुए




**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है। अब देशभर में कंपनी के 4,000 स्टोर हो गए हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने बुधवार को बयान में कहा कि उसने 3,200 नए स्टोर सर्विस सुविधा के साथ खोले हैं। कंपनी ने कहा कि वह महानगरों, पहली और दूसरी श्रेणी के शहरों से आगे छोटे कस्बों और तहसीलों में विस्तार कर रही है। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, हमने नए स्टोर सर्विस केंद्रों के साथ खोले हैं। इनके साथ हमने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीद और स्वामित्व के अनुभव को पूरी तरह से नया रूप दिया है और अपने 'सेविंग वाला स्कूटर' अभियान के साथ नए मानक स्थापित किए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### औद्योगिक स्थलों की मांग पांच करोड़ फुट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सतत मांग के कारण इस साल आठ प्रमुख शहरों में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक (एलएंडआई) स्थलों की पट्टे पर मांग 5-5.3 करोड़ वर्ग फुट रहने का अनुमान है। कुशमैन एंड वेकफील्ड ने यह जानकारी दी है। ये आठ शहर हैं...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी, कुशमैन एंड वेकफील्ड ने कहा कि अक्टूबर, 2024 तक शीर्ष-आठ रियल एस्टेट बाजारों में मांग का आकार पहले ही 4.1 करोड़ वर्ग फुट को पार कर चुका है।

### फियो ने अमेरिकी निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार से मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए एक रणनीति तैयार की है। इस रणनीति का मकसद उन संभावित अवसरों को भुनाना है, जो अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन के उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने की स्थिति में बाद मिल सकते हैं। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के उपाध्यक्ष इसरार अहमद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि संगठन ने अपनी योजना के तहत सरकार से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया है।

### रिफाइनरी-पेट्रोरसायन परिसर के लिए आंध्र को चुना



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नई तेल रिफाइनरी-सह-पेट्रोरसायन परिसर स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश को चुना है। बीपीसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मंगलवार को हुई बैठक में उसके निदेशक मंडल ने आंध्र प्रदेश के पूर्वी तट पर 6,100 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक ग्रीनफील्ड रिफाइनरी सह पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना के लिए परियोजना की पूर्व गतिविधियां शुरू करने को मंजूरी दे दी।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अपशिष्ट रिसाइकल प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** हर दिन सौ मीट्रिक टन कूड़ा उत्पन्न करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने अपशिष्ट रिसाइकल प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिल्ली नगर निगम के समक्ष 40 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने कूड़ा निस्तारण और इसे रिसाइकल करने के लिए पंजीकरण किया है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, बैंक्वेट हॉल, अस्पताल और अन्य संस्थानों को निगम के सॉफ्टवेयर में पंजीकरण करना होगा। इसके जरिए सभी प्रतिष्ठान पंजीकरण करते हुए अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कूड़ा रिसाइकल करेंगे। इसके लिए निगम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर के पंजीकरण और निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि बीते माह शुरू किए गए नए सॉफ्टवेयर को लेकर सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जागरूक कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है कि वह जल्द से जल्द खुद को इससे जोड़ें और हर दिन सौ मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण और रिसाइकल की प्रक्रिया शुरू करें।

### निरीक्षण कर नोटिस जारी करेंगे



अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लेकर निगम के विभागों को निर्देश दिए गए हैं। इन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर देखा जाएगा कि अब तक किन प्रतिष्ठानों ने पंजीकरण कराते हुए अपशिष्ट रिसाइकल करना शुरू कर दिया है। इन प्रतिष्ठानों को दो माह का समय दिया गया है। अब एक माह ही शेष बचा है। इस दौरान जिन भी प्रतिष्ठानों के पंजीकरण नहीं हुए हैं, उन्हें नोटिस जारी करेंगे। साथ ही उन पर नियमों के तहत जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# नवंबर में तेजी से घटा क्रेडिट कार्ड से व्यय

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने में क्रेडिट कार्ड से खर्च पिछले महीने की तुलना में 16.1 प्रतिशत घटकर 1.7 लाख करोड़ रुपये रह गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर महीने में क्रेडिट कार्ड से खर्च पिछले महीने की तुलना में 16.1 प्रतिशत घटकर 1.7 लाख करोड़ रुपये रह गया है। अक्तूबर में मजबूत त्योहारी मांग के बाद ग्राहकों का नवंबर में खर्च घटा है। क्रेडिट कार्ड जारी करने की वृद्धि दर भी नवंबर में उल्लेखनीय रूप से कम हो गई है और उद्योग ने कुल 3,50,000 शुद्ध क्रेडिट




कार्ड जोड़े हैं, जबकि पिछले साल की समान अवधि में 13 लाख शुद्ध नए कार्ड जोड़े गए थे। पिछले साल नवंबर में रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए जोखिम अधिभार बढ़ाए जाने के बाद से ही क्रेडिट कार्ड में शुद्ध बढ़ोतरी सुस्त हुई। रिजर्व बैंक के कदमों के बाद बड़े जारीकर्ताओं ने अपनी वृद्धि सुस्त की और इसकी वजह से क्रेडिट कार्ड जारी करने की रफ्तार घट गई।

न्यूज़ ब्रीफ

## आज रवाना होगी राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी मशाल यात्रा



एजेंसी । नैनीताल

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी मशाल यात्रा को गुरुवार को हल्द्वानी से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय खेलों से राज्य की जनता को जोड़ने के लिए मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह सभी 13 जिलों से होकर गुजरेगी। देवभूमि उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह महाकुंभ अगले महीने 25 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर शहीद पार्क से मिनी स्टेडियम तक सांस्कृतिक रोड शो भी होगा, जिसमें पहाड़ की संस्कृति की झलक दिखेगी। राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर 'मौली भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही राष्ट्रीय खेल के प्रचार- प्रसार और युवाओं को जोड़ने के लिए जगह-जगह सेल्फी पॉइंट्स भी बनाए गए हैं।

## मार्टिना को एशियाई जूनियर भारोत्तोलन में रजत



एजेंसी । दोहा

भारतीय भारोत्तोलकों का एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है। मार्टिना देवी (प्लस 87 किग्रा) ने बुधवार को एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। मणिपुर की 18 वर्षीय मार्टिना ने 225 किलो (96 और 129 किलो) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में भी रजत और स्नैच में कांस्य पदक हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 237 किलो है जो उन्होंने इस साल जूनियर विश्व चैंपियनशिप में किया था ।

# मेलबर्न में बढ़त लेने की होड़

### टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम है आज से शुरू होने वाला मुकाबला

नंबर गेम

- 90 हजार की दर्शक क्षमता है मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की
- 211 रन दूर हैं ऋषभ पंत तीन हजार टेस्ट रन पूरे करने से
- 7 विकेट दूर हैं जडेजा 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले पांच भारतीय बनने से

एजेंसी । मेलबर्न

टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के लिए गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीसी) पर होने वाला बाक्सिंग डे टेस्ट अहम है। भारतीय टीम अगर चौथे मैच में जीत दर्ज करती है तो वह लगातार तीसरी बार बॉर्डर-गावस्कर सीरीज अपने पास रखने में सफल रहेगी। साथ ही लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी कायम रखेगी। हार से टीम इंडिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल की उम्मीदों को झटका लगेगा। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया बाजी मारता है तो वह एक दशक बाद भारत के खिलाफ सीरीज जीतने के करीब होगा। साथ ही डब्ल्यूटीसी के फाइनल का दावा भी मजबूत कर लेगा। ऐसे में दोनों टीमें बढ़त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगी। दोनों टीमों की जीत का दारोमदार बल्लेबाजों पर होगा। पांच मैच की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है।



### बल्लेबाजों को दम दिखाना होगा

भारत का ऑस्ट्रेलिया में यह पसंदीदा मैदान रहा है। उसने 2011 से कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। भारत ने यहां अपने पिछले जो टेस्ट मैच में जीत दर्ज की है। लेकिन इस बार तीन युवा धुरंधरों (यशस्वी, पंत और गिल), आत्मविश्वास से भरे राहुल और कुछ उम्रदराज़ दिग्गजों (कोहली और रोहित) के साथ यह टीम बहुत आश्वस्त नहीं दिख रही है। ऑस्ट्रेलिया की टीम अतीत की तरह अब मजबूत दावेदार नजर नहीं आती है लेकिन इसके बावजूद अगर भारत को एमसीजी पर अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



### रोहित कर सकते हैं ओपनिंग

खराब फॉर्म में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित के बल्लेबाजी क्रम को लेकर अनिश्चित बनी हुई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह बाक्सिंग डे टेस्ट में पारी की शुरुआत कर सकते हैं। अभी तक यशस्वी के साथ केएल राहुल ओपनिंग कर रहे थे। अगर ऐसा होता है तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर उतरना पड़ेगा। इस स्थिति में गिल को या तो मध्यक्रम में उतरना होगा या फिर उन्हें ध्रुव जुरेल के लिए जगह खाली करनी होगी। रोहित को 2019 में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था। तब से उन्होंने मध्यक्रम में खेलना बंद कर दिया था। लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल और पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले यशस्वी से पारी का आगाज करवाने के लिए उन्हें छठे नंबर पर उतरना पड़ा। रोहित मध्यक्रम में असफल रहे। वह तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बना पाए हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम का संयोजन कैसा होगा।

### खेल सकते हैं दो स्पिनर

यहां का तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। ऐसे में दूसरे स्पिनर को रखने पर भी विचार किया जा सकता है। ऐसे में भारत अगर सुंदर को अंतिम एकादश में रखने पर विचार करता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें किसकी जगह उतारा जाएगा।

### मौजूदा टीम में कोहली अकेले शतकवीर

इस स्टेडियम में मौजूदा भारतीय टीम से विराट कोहली शतक जड़ने वाले अकेले खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन मैचों में 52 .66 की औसत से 316 रन बनाए हैं। सचिन (449) और रहाणे (369) के बाद सर्वाधिक रन बनाने में तीसरे नंबर पर हैं। वह छह साल बाद यहां खेलेंगे।

### कंगारुओं ने जीते हैं पिछले तीनों मैच




कंगारुओं ने इस मैदान पर अपने पिछले लगातार तीन मुकाबले जीते हैं। इनमें से दो में पारी से जीत दर्ज की है। उसे भारत के खिलाफ ही यहां पिछली हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गए 116 मुकाबलों में से 67 जीते और 32 हारे है जबकि 17 ड्रॉ रहे हैं।

### मेलबर्न में 13 साल से अजेय है भारत

भारतीय टीम मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पिछले 13 साल से अजेय है। इस बीच उसने लगातार दो मैच जीते और एक ड्रॉ रहा। उसे पिछली हार दिसंबर 2011 में 122 रन से मिली थी। टीम ने यहां 14 मैच खेले हैं जिसमें से चार जीते, दो ड्रॉ रहे और आठ हारे हैं। दोनों टीमें चार साल बाद यहां खेलेंगी। 2020 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से धोया था।

## बुमराह ने टेस्ट रैंकिंग में अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की

- 21 विकेट अब तक सीरीज के तीन टेस्ट में हासिल किए



एजेंसी । दुबई

भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने करियर में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने टेस्ट गेंदबाजी में 904 रेटिंग अंक हासिल कर हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्चिन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अश्विन ने 2016 में घरेलू सत्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब बुमराह के पास बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही सीरीज के चौथे टेस्ट में यह रिकॉर्ड तोड़ने का मौका भी है।

### 200 विकेट के करीब

भारतीय पेसर बुमराह अब एक और उपलब्धि हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं। वह टेस्ट करियर में 200 विकेट पूरे करने से सिर्फ छह विकेट दूर हैं। 43 टेस्ट में उनके नाम अब तक 2.75 की इकोनॉमी और 19 .52 की औसत से 194 विकेट दर्ज हैं। वह सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय गेंदबाज (रवींद्र जडेजा के साथ) बन सकते हैं। इस सूची में अश्विन (37 टेस्ट) शीर्ष पर हैं।

### अपनी बढ़त बढ़ाई

बुमराह ने अब तक कुल 21 विकेट हासिल किए हैं। ब्रिस्बेन टेस्ट में 94 रन पर 9 विकेट के लाजवाब प्रदर्शन के दम पर बुमराह ने शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की है। इससे उन्हें 14 अंक हासिल हुए हैं। इसके चलते उन्होंने शीर्ष स्थान पर 48 रेटिंग अंकों के अंतर से अपनी बढ़त बढ़ाई है। हालांकि बुमराह अभी तक एक मैच में दस विकेट हासिल नहीं करके हैं। कैगिसो रबाडा 856 रेटिंग अक दूसरे और जोश हेजलवुड 852 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पैट कमिंस 822 रेटिंग अंक के साथ चौथे, रविचंद्रन अश्विन 789 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर है।

### हेड ने यशस्वी को पछाड़ा



हाल के मुकाबलों में तीनों प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन से बल्लेबाजी रैंकिंग में भी काफी बदलाव हुए हैं। पिछले टेस्ट की पहली पारी में 152 रनों की पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड भारत के यशस्वी जायसवाल को पछाड़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष स्थान पर जो रूट का कब्जा कायम है। गाबा टेस्ट के एक अन्य शतकवीर स्टीव स्मिथ की भी शीर्ष 10 में वापसी हुई हैं। स्मिथ ने पिछले मैच में 101 रनों की पारी खेली थी जबकि 70 और 20 नाबाद रनों की पारी खेलने वाले ऐलेक्स कैरी 11 पायदान की छलांग के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## माहेश्वरी और अनंतजीत की जोड़ी ने स्कीट मिश्रित टीम में रचा इतिहास

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में राजस्थान के माहेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कीट मिश्रित टीम का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने उत्तर प्रदेश की मेराज अहमद खान और अरीबा खान की जोड़ी को 44-43 के बेहद करीबी अंतर से हराया।




### कांस्य पदक पंजाब को

गनीमत सेखों और अभय सिंह सेखों की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

### क्वालीफिकेशन राउंड में भी दबदबा

माहेश्वरी और अनंतजीत ने तीन राउंड में क्रमशः 72 और 71 का स्कोर किया, जिससे उन्होंने क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश, पंजाब, और हरियाणा की टीमों ने शूटऑफ के जरिए फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की की।

### जूनियर वर्ग में मध्य प्रदेश की चमक

जूनियर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में मध्य प्रदेश के ज्योतिरादित्य सिंह और मानसी रघुवंशी ने हरियाणा के ईशान और संजना सूद को 4-2 से हराते हुए स्वर्ण पदक जीता। तेलंगाना के मुनेक बाटुला और जाहरा दीसावाला की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

### महत्वपूर्ण नतीजे

**स्वर्ण पदक (सीनियर):** राजस्थान: माहेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका।
**कांस्य पदक (सीनियर):** पंजाब: गनीमत सेखों और अभय सिंह सेखों।
**स्वर्ण पदक (जूनियर):** मध्य प्रदेश: ज्योतिरादित्य सिंह और मानसी रघुवंशी।
**कांस्य पदक (जूनियर):** तेलंगाना: मुनेक बाटुला और जाहरा दीसावाला।

# बे-जान है 'बेबी जॉन'

- कलाकार : वरूण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, राजपाल यादव, जैकी श्रॉफ, जारा जियाना
- निर्देशक : कालीस
- रेटिंग : 2/5

2/5 ★★☆☆☆

@लोकेश चंद्रा

यूट्यूब पर हिंदी में डब करके उपलब्ध किसी फिल्म का रीमेक बनाना और फिर उसका घटिया रीमेक बनाना बहादुरी का काम है। फिल्म 'बेबी जॉन' के साथ भी ऐसा ही हुआ। यह फिल्म 2016 की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। हालाँकि, यह हिंदी संस्करण थोड़ा गड़बड़ है। इसमें वरुण जॉन नहीं बल्कि एक बच्चे के किरदार में नजर आ रहे हैं। फिल्म में वरुण धवन का एक डायलॉग है- 'मेरे जैसे कई लोग आए होंगे लेकिन मैं यहां पहली बार आया हूं। 'दरअसल बिल्कुल नहीं, पहले थलापति विजय इस रोल में नजर आ चुके हैं और स्क्रीन पर धमाल मचा चुके हैं।



फिल्म समीक्षा : बेबी जॉन

### कहानी

इस फिल्म की कहानी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। क्योंकि असली फिल्म यूट्यूब पर है और पूरी कहानी विकिपीडिया पर लिखी गई है। वरुण धवन एक डीसीपी हैं जो एक बड़े रसूखदार के बेटे की हत्या कर देते हैं। क्योंकि उसने एक लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी। तभी वह शख्स जैकी श्रॉफ वरुण की पत्नी और मां को मार देता है। उनका मानना है कि हमले में वरुण और उनकी बेटी भी मारे गए। लेकिन, बाद में वरुण ने पुलिस की नौकरी छोड़ दी और अपनी बेटी के साथ कहीं और सामान्य जिंदगी जीने लगे। लेकिन, वह शख्स वरुण की जिंदगी में वापस आता है और आगे क्या होता है यही इस फिल्म की कहानी है।

### फिल्म कैसी है

इस फिल्म की मूल फिल्म से तुलना उचित नहीं है। निर्माताओं ने कहा था कि यह मूल फिल्म का रूपांतरण है, रीमेक नहीं। हालाँकि, कई दृश्य मूल फिल्म की हूबहू नकल हैं। फिल्म का एक्शन पुराना लगता है, अब हिंसक फिल्मों के पैमाने बदल गए हैं। हाल ही में मलयालम फिल्म मार्को रिलीज हुई है और इसमें अलग लेवल का एक्शन दिखाया गया है। एक्शन भी घिसा-पिटा लगता है, सलमान और वरुण के बीच के सीन नकली लगते हैं।

वरुण, विजय से बेहतर नहीं दिखते। प्रत्येक दृश्य को देखते समय मूल फिल्म का एक दृश्य आपकी आंखों के सामने आ जाता है। हालाँकि, यह फिल्म आपको लुभाती नहीं है। कुछ जगहों पर फिल्म इतनी बचकानी लगती है कि हंसी आती है। बीच-बीच में आने वाले ख़राब गाने पहले से ही परेशान दर्शकों की हताशा को और बढ़ा देते हैं। कुल मिलाकर इस फिल्म को देखने के बाद आपको ऐसा लग सकता है कि अगर आप असली फिल्म देखते तो बेहतर होता।

### संगीत

गीत-संगीत इस ख़राब फ़िल्म को और भी वाहियात बना देते हैं। गाने न केवल खराब हैं, बल्कि वे दर्शकों के धैर्य की भी परीक्षा लेते हैं। कुल मिलाकर, यह फिल्म निराशाजनक अनुभव देती है।

### निर्देशन

इस फिल्म का मूल निर्देशन एटली ने ही किया है। इस समय, कैलिस को बागडोर सौंपी गई। उन्होंने दावा किया कि वह वरुण को एक ऐसे अवतार में पेश करेंगे जो एक अद्भुत एक्शन अवतार होगा और जिसे दर्शक कभी नहीं भूलेंगे। लेकिन, अब लगता है कि दर्शक और वरुण दोनों ही इस किरदार को भूलना चाहेंगे। फिल्म को तीन लेखकों एटली, कैलिस और सुमित अरोड़ा ने लिखा है।

### अभिनय

फिल्म में वरुण धवन अपने किरदार 'जॉन' के साथ न्याय नहीं कर पाए। वरुण एक अच्छे अभिनेता और मेहनती अभिनेता हैं। पिछली वेब सीरीज ' सिटाडेल हनी बन्नी' में उनका काम अच्छा था। लेकिन, वह राज और डीके ही थे जिन्होंने उनसे काम करवाया। हालांकि, निर्देशक यहां अपने किरदार को निखार नहीं पाए। यह फिल्म 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' का मिक्स लुक लग रही है। वे जानते थे कि उसकी तुलना विजय से की जाएगी और वरुण विजय की तुलना में फीका पड़ जाएंगे। वामिका गब्बी की डायलॉग डिलीवरी ही अजीब लगती है, वह दर्शकों को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं कर पाती हैं। कीर्ति सुरेश अपने किरदार के साथ न्याय करती हैं। खलनायक के रूप में जैकी श्रॉफ अच्छे दिखते हैं पर एक्टिंग कुछ खास कमल नहीं दिखा पाए। वरुण की बेटी का किरदार निभाने वाली जारा जियाना अच्छी एक्टिंग की हैं। वहीं राजपाल यादव ने भी अच्छी काम किया है।

# 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' पर लगी मुहर

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर चर्चा तो काफी पहले से शुरू हो चुकी हैं। कहा जा रहा है कि इसमें पहली बार फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। अब आखिरकार इम्तियाज ने यह पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म फहाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनकी फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है।



इम्तियाज ने कहा, 'इसकी घोषणा हो चुकी है, लेकिन यह अपने समय से थोड़ा पहले हो गया। यह फिल्म बन रही है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अगली फिल्म होगी या नहीं। हां, मैं काफी वक्त से इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं। इसका नाम 'द इडियट ऑफ इस्तांबुल' है।

### अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' के जरिए फहाद बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब फहाद और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। यह फिल्म किसी OTT प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म के हीरो बने आयुष्मान खुराना

सूरज बड़जात्या भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्माता और निर्देशक हैं। उन्होंने अब तक एक से बढ़कर एक कई पारिवारिक फिल्मों का निर्देशन किया है। 'हम आपके हैं कौन!', 'हम साथ साथ हैं', 'एक विवाह... ऐसा भी', 'विवाह' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों के बाद प्रशंसक निर्देशक की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा। खबर आ रही है सूरज ने अपनी अगली फिल्म के लिए दिग्गज अभिनेता आयुष्मान खुराना से हाथ मिलाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूरज की अगली फिल्म में आयुष्मान नजर आने वाले हैं। यह दोनों के बीच पहला सहयोग होगा।



सूरज ने अपनी फिल्म के लिए आयुष्मान से संपर्क किया और उन्होंने तुरंत हामी भर दी है। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सूरज अपनी फिल्म में किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करना चाह रहे थे जिसकी पारिवारिक दर्शकों के बीच एक छवि हो और इसके लिए आयुष्मान खुराना से बेहतर कोई नहीं हो सकता। काम के मोर्चे पर बात करें तो आयुष्मान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। 'थामा' को दीवाली, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशन के कमान 'मुंज्या' के निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने संभाली है

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है
इंडिया&वर्ल्ड

## न्यूज़ ब्रीफ

### कटरा में वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध, 72 घंटे का प्रदर्शन

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में बुधवार को वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ 72 घंटे का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारी आरोप लगा रहे हैं कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर रोपवे निर्माण शुरू किया है, जो 250 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। विरोध करने वाले स्थानीय खच्चर और पालकी वालों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनकी आजीविका पर असर पड़ेगा।

### गोवा के कैलंगुट बीच पर टूरिस्ट बोट पलटी, एक की मौत

**कैलंगुट।** गोवा के कैलंगुट बीच पर बुधवार को एक टूरिस्ट बोट पलटने से 54 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में 20 लोग रेस्क्यू किए गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर 1.30 बजे हुआ और ज्यादातर लोग लाइफ जैकेट पहने हुए थे।

### कर्नाटक में दो कारों की टक्कर, 4 की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी में दो कारों के बीच टक्कर हो गई, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं, 1 बच्चा और 1 व्यक्ति शामिल हैं। हादसा ताड़स पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुआ और दोनों कारों के बीच टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार डिवाइडर के पार नेशनल हाईवे पर गिर गई।

### इंफाल में सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी, इलाके में तनाव

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में आज सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार, कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से सशस्त्र लोगों ने सीनम कोम गांव को निशाना बनाकर गोलीबारी की। गांव में तैनात स्वयंसेवकों ने पलटवार किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस घटना के बाद इलाके में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। यह घटना मंगलवार रात इंफाल पूर्व जिले के थम्नापोकपी और पास के उयोक चिंग इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद सामने आई है, जहां सुरक्षा बलों और हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी हुई थी। मणिपुर में पिछले साल मई से जातीय हिंसा जारी है, जिसमें राज्य के मेतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच संघर्ष हो रहा है। इस हिंसा में अब तक ढाई सौ से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

### जेटी निर्माण स्थल पर गिरा क्रेन, तीन श्रमिकों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के देवभूमि द्वारका में ओखा बंदरगाह पर जेटी निर्माण स्थल पर क्रेन गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। जिला कलेक्टर जीटी पंड्या ने कहा कि ओखा बंदरगाह पर जेटी का निर्माण गुजरात मैरीटाइम बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्रेन से कुचले जाने के बाद दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रमिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

# कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ कराई धोखाधड़ी की शिकायत

- AAP ने महिलाओं को 2100 देने का ऐलान किया था
- सरकारी विभागों का स्कीम से इनकार



एजेंसी | नई दिल्ली

युवा कांग्रेस ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के दिल्ली में मुफ्त इलाज, महिलाओं को 2100 देने के ऐलान के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया। प्रदेशाध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि हमने पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन में केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी करने को लेकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार के विभाग इन दो स्कीम से इनकार कर रहे हैं, तब AAP ऐसे कैसे दावा कर सकती है।

### दो विभागों ने विज्ञापन देकर इनकार किया

दिल्ली सरकार के दो विभागों ने आज सुबह अखबारों में विज्ञापन छपवाकर कहा कि राज्य में महिला सम्मान और संजीवनी जैसी कोई योजना नहीं है। पहला इश्तिहार महिला और बाल विकास विभाग ने महिला सम्मान योजना को लेकर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने ऐसा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। दूसरा विज्ञापन दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने संजीवनी योजना को लेकर जारी किया। इसमें कहा गया है कि सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही है। लोगों को कार्ड बनाने के नाम पर निजी जानकारी न देने की सलाह दी है। यह मामला सामने आने के बाद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली के LG को इसका जिम्मेदार बताया।

# संसद भवन के पास युवक ने खुद को आग लगाई

- गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती
- सुसाइड नोट और पेट्रोल मिला

एजेंसी | नई दिल्ली

बुधवार दोपहर को दिल्ली के नए संसद भवन के पास रेलवे भवन के सामने एक युवक ने खुद को आग लगाकर सुसाइड करने की कोशिश की। युवक गंभीर रूप से झुलस गया और उसे तुरंत राम मनोहर लोहिया (RML) अस्पताल में भर्ती कराया गया।



दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के अधिकारियों के अनुसार, दोपहर 3:35 बजे एक कॉल आई थी, जिसमें युवक द्वारा आग लगाने की सूचना दी गई थी। सुरक्षा कर्मियों और अन्य लोगों ने युवक की आग बुझाने के लिए कंबल का इस्तेमाल किया। बाद में उसे अस्पताल भेजा गया।

### युवक की पहचान और सुसाइड नोट से खुलासा

पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के बागपत का निवासी है। घटनास्थल से पुलिस को दो पेज का अधजला सुसाइड नोट, पेट्रोल, जला हुआ बैग और एक जूता मिला। प्रारंभिक जांच के अनुसार, युवक ने घर के विवाद के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल पर बैरिकेडिंग की गई थी, और मामले की जांच जारी है।

# गृह मंत्री ने 10 हजार बहुउद्देशीय PACS का किया उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली

बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10,000 नई बनी बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। उन्होंने हर पंचायत में सहकारी समितियों की भूमिका पर जोर दिया और कहा कि प्राथमिक सहकारी समितियां देश की तीन-स्तरीय सहकारी



ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। ये PACS बहुउद्देश्यीय होंगी और पारंपरिक बैंकिंग और ऋण सेवाओं से आगे बढ़कर कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'हर पंचायत में किसी न किसी रूप में सहकारी समितियों को काम करना चाहिए, और यदि हमारी तीन-स्तरीय सहकारी संरचना को सबसे अधिक मजबूती कोई दे सकता है, तो वह हमारी प्राथमिक सहकारी समितियां हैं। इसलिए हमने पहला निर्णय लिया कि 2 लाख PACS बनाई जाएंगी। गृह मंत्री ने बताया कि सरकार ने PACS को कई सुविधाओं से जोड़कर बहुउद्देश्यीय बना दिया है।

### 'निष्क्रिय PACS को बंद करने के लिए एसओपी जारी'

उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने निष्क्रिय PACS को समाप्त करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की है। हम जानते हैं कि अगर किसी गांव में एक PACS मौजूद है, तो दूसरा नहीं बनाया जा सकता। इस SOP के जरिए 15,000 गांवों में नई PACS खोली जाएंगी। नई बहुउद्देश्यीय PACS का गठन ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी संस्थानों की वृद्धि को बढ़ावा देगा। इनमें ऋण समितियां, डेयरी सहकारी समितियां, और मत्स्य सहकारी समितियां शामिल हैं।

# म्यांमार से रोहिंग्या मुसलमानों के पलायन का खतरा, भारत हुआ अलर्ट

- विद्रोही अराकान आर्मी हो रही मजबूत

एजेंसी | नई दिल्ली

म्यांमार के आंतरिक हालात पिछले दो हफ्तों में और ज्यादा बिगड़ गए हैं। रखाइन प्रांत में जुंटा सैन्य सरकार के पैर काफी हद तक उखड़ चुके हैं और विद्रोही अराकान आर्मी की पकड़ लगातार मजबूत होने की खबर है। इस अस्थिरता का असर बांग्लादेश एवं म्यांमार सीमा पर दिख रहा है क्योंकि बचे-खुचे रोहिंग्याई मुसलमानों की तरफ से नया पलायन शुरू होने का खतरा है। भारत पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सूचना है कि पर्दे के पीछे म्यांमार के दोनों विद्रोही संगठनों के साथ ही जुंटा सरकार के साथ भी विमर्श का चैनल खुला रखा गया है। लेकिन हालात जिस तरह से तेजी से बदल रहे हैं उससे भारत के समक्ष दूसरी कई तरह की चुनौतियां आने का खतरा है।



### म्यांमार की स्थिति पर भारत की निगाहें

भारत के लिए दूसरा बड़ा खतरा यह है कि म्यांमार की अस्थिरता का फायदा उठाकर कुछ भारत विरोधी तत्व इसकी सीमा से सटे मिजोरम एवं मणिपुर राज्य में सक्रिय होने की कोशिश कर सकते हैं। म्यांमार की स्थिति के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है, 'वहां की गतिविधियों पर हम लगातार नजर बनाकर रखे हुए हैं।

### भारत ने वार्ता पर दिया जोर

म्यांमार के लिए हमारा पक्ष यह है कि वहां पर जितने पक्ष हैं, उन सभी के बीच वार्ता होनी चाहिए, उनके बीच सकारात्मक विमर्श होना चाहिए ताकि शीघ्रता से वहां शांति लौटे और लोकतंत्र की भी बहाली शीघ्रता से हो। वहां की स्थिति का समाधान म्यांमार केंद्रित व म्यांमारी नागरिकों की तरफ से ही तैयार होना चाहिए। म्यांमार के साथ हमारी लंबी सीमा की स्थिति हमारे लिए खास तौर पर चिंता का कारण है।'

### कूटनीतिक चैनल भी सक्रिय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान बहुत ही सधा हुआ है, लेकिन अंदरूनी तौर पर मंत्रालय ने म्यांमार की स्थिति को बेहद गंभीरता से लेते हुए दूसरे कूटनीतिक चैनलों को भी सक्रिय कर दिया है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार को म्यांमार की स्थिति को लेकर सतर्क करने का काम काफी पहले शुरू कर दिया था।

# असम में दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद

एजेंसी | कोकराझार

असम के कोकराझार जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक महत्वपूर्ण अभियान के तहत दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन संदिग्धों पर आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप है, और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस महानिदेशक हरमीत



सिंह ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह अभियान जिले के नमापारा क्षेत्र में मंगलवार रात चलाया गया।

### स्लीपर सेल के सदस्य थे संदिग्ध

गिरफ्तार किए गए संदिग्धों का संबंध अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से बताया जा रहा है, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा का सहयोगी संगठन है। पुलिस के अनुसार, ये संदिग्ध एक स्लीपर सेल के सदस्य थे, जो संभवतः भारत में आतंकी हमलों की साजिश कर रहे थे। एसटीएफ के महानिरीक्षक पार्थसारथी महंता ने इस अभियान का नेतृत्व किया और संभावित आतंकवादी हमले को विफल करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन प्रघात' का हिस्सा है, जो एक बड़ा अभियान है और इसमें कई राज्यों में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि 17-18 दिसंबर की रात को असम पुलिस ने असम, पश्चिम बंगाल और केरल में एक संयुक्त अंतर-राज्यीय अभियान चलाया था, जिसमें आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल था। इस अभियान के तहत आतंकी संगठन के स्लीपर सेल को स्थापित करने की साजिश को नाकाम किया गया।

# 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन को राहत

**जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक ED की पहुंच पर लगी रोक**

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 'लॉटरी किंग' के नाम से प्रसिद्ध सैंटियागो मार्टिन, उसके रिश्तेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का डाटा निकालने और उसकी प्रति (कॉपी) बनाने से रोक दिया। शीर्ष कोर्ट ने यह आदेश 'फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' (एफजीएचएसपीएल) और मार्टिन की याचिका पर पारित किया था। इस आदेश के बाद जांच एजेंसियों को आरोपियों के मोबाइल फोन या लैपटॉप जब्त करने का निर्णय लेने से पहले पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

यह आदेश इस तरह के मामलों में आरोपी व्यक्तियों के लिए मददगार हो सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है और इस बीच, अर्जी



को ध्यान में रखते हुए अंतरिम राहत प्रदान की जाती है। पीठ ने याचिका पर केंद्र, ईडी और उसके अधिकारियों को नोटिस जारी किए और इस पर लंबित मामलों के साथ 17 फरवरी, 2025 को सुनवाई की तारीख तय की। अन्य मामलों में अमेजन इंडिया के कर्मचारी और 2023 न्यूज क्लिक मामला शामिल है, जहां याचिकाकर्ताओं ने जांच एजेंसियों द्वारा डिजिटल उपकरणों को जब्त करने के लिए दिशानिर्देश मांगे हैं।

### ईडी ने 22 स्थानों पर की थी छापेमारी

ईडी सूत्रों ने कहा कि उन्होंने आदेश देखा है और डिजिटल रिकॉर्ड के अलावा मामले में उनके पास अन्य विश्वसनीय साक्ष्य भी बरामद हुए हैं। मेघालय पुलिस की एक शिकायत के बाद नवंबर में छह राज्यों में 22 स्थानों पर की गई छापेमारी की गई थी, जिसमें मार्टिन की कंपनी 'फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' पर राज्य में लॉटरी कारोबार पर अवैध रूप से एकाधिकार करने का आरोप लगाया गया था। इस छापेमारी के दौरान 12.41 करोड़ रुपये की नकदी भी प्राप्त हुई थी। फ्यूचर गेमिंग के वकीलों ने दलील दी कि जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सामग्री हासिल करना गोपनीयता और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

# चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की छात्रा से हैवानियत

- क्रिसमस सेलिब्रेशन की कर रही थी तैयारी, दो आरोपियों पर FIR

एजेंसी | चेन्नई

चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी से एक मामला सामने आया है। बुधवार सुबह चेन्नई के प्रतिष्ठित अन्ना विश्वविद्यालय के परिसर में 2 लोगों ने इंजीनियरिंग की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों ने पहले महिला के साथ बैठे एक दोस्त की पिटाई की और फिर महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना बुधवार सुबह हुई जब महिला अपने मित्र के साथ परिसर में बैठी थी। कोट्टूरपुरम के सहायक पुलिस आयुक्त बीएनएसएस अधिनियम की धारा 64 के तहत एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच



कर रहे हैं, जो दुष्कर्म के मामलों से संबंधित है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब लड़की और उसका पुरुष मित्र पास के एक चर्च में आधी रात के क्रिसमस मास में भाग लेने के बाद परिसर के एक सुनसान इलाके में बैठे थे। पहले आरोपी ने महिला के पुरुष मित्र पर हमला किया और फिर लड़की को पास की झाड़ियों में घसीटने से पहले उसके साथ क्रूरता से मारपीट की और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### अन्नामलाई ने की आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डीएमके सरकार के तहत तमिलनाडु गैरकानूनी गतिविधियों के लिए स्थल और अपराधियों के लिए आश्रय स्थल बन गया है। महिलाएं अब राज्य में सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं, क्योंकि पुलिस को विपक्ष को चुप कराने के लिए सत्तारूढ़ प्रशासन द्वारा व्यस्त रखा जाता है।

# भाजपा नेता सीटी रवि की गिरफ्तारी मामले में कार्रवाई

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के बेलगावी में खानपुर पुलिस स्टेशन में भाजपा नेता एमएलसी सीटी रवि की गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेताओं को स्टेशन के अंदर आने देने पर एक पुलिस इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। उस पर अपने वरिष्ठों के आदेश का उल्लंघन करने का आरोप है। बुधवार को मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार बेलगावी नार्थ जोन के आईजी विकास कुमार ने विगत 21 दिसंबर को पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मंजूनाथ नायक के निलंबन का यह आदेश जारी किया है।



पुलिस इंस्पेक्टर पर पुलिस स्टेशन में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं करने के आरोप हैं। इस बीच, पुलिस इंस्पेक्टर के निलंबन ने राजनीतिक रूप ले लिया है।

भाजपा, दलित और कन्नड़ समर्थक संगठनों ने इस निलंबन के खिलाफ खानपुर बंद का आह्वान किया है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, गृह मंत्री जी.परमेश्वरा ने बेलगावी में पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की है। संवाददाताओं से बात करते हुए परमेश्वरा ने संवाददाताओं से कहा कि सीटी रवि के मुद्दे पर बैठक में चर्चा नहीं हुई थी। फिलहाल इस मामले की जांच सीआइडी कर रही है, इसलिए वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

# 27-28 दिसंबर के लिए आईएमडी ने जारी किया मौसम का अलर्ट



- राज्यों में ओलावृष्टि, बारिश और आंधी की आशंका

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में 27 दिसंबर को ओलावृष्टि होने की संभावना है। वहीं आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से भी हवाएं आएंगी, जिसके कारण मध्य भारत और दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। उन्होंने बताया कि, 'पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई... तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की उम्मीद है। आईएमडी के वैज्ञानिक ने कहा कि, अनुमान लगाया जा रहा है कि 27-28 दिसंबर तक बंगाल की खाड़ी से हवाएं भी आएंगी, जिससे उत्तर पश्चिम भारत, मध्य भारत और दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है।' उन्होंने कहा, '27 दिसंबर को मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य भारत के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है।'

# सीएम उमर के लिए खरीदी जाएंगी 3 करोड़ की कारें



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के लिए 7 फॉर्च्यूनर और 1 रेंज रोवर कार खरीदी जाएंगी। इन 8 कारों की कुल कीमत 3 करोड़ रुपए होगी। इनमें से 4 गाड़ियां CM के अलग-अलग दौरे के लिए दिल्ली में रखी जाएंगी, जबकि 2 कार श्रीनगर और 2 कार जम्मू में रखी जाएंगी।

### पूर्व मेयर बोले- विधायकों को सैलरी नहीं मिल रही, इनकी राजशाही कम नहीं हो रही

#### पूर्व मेयर जुनैद मट्टू ने बोला हमला

राज्य सरकार की ओर से इसकी मंजूरी दे दी गई है। इसे लेकर श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद मट्टू ने कहा है कि एक तरफ विधायकों को पहली सैलरी नहीं मिली है, वहीं, दूसरी तरफ उमर अब्दुल्ला की राजशाही कम नहीं हो रही। मट्टू ने X पर लिखा- माननीय ड्यूक ऑफ एसेक्स के लिए 7 नई टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक नई व्यक्तिगत रेंज रोवर डिफेंडर है। CM के काफिले में अब सिर्फ डल झील पर एक विमान और एक यॉट की कमी है। जम्मू-कश्मीर का दर्जा कम हुआ है, लेकिन अब्दुल्ला राजशाही का नहीं।